दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 I अंक: 254 जयपुर, शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024 I भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जयपुर में आधे दिन का अवकाश



**जयपुर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव प्रदेशभर में 27 अगस्त को मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा के मद्देनजर शहर में आधे दिन का अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की और से जारी आदेश के अनुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की शोभायात्रा के उपलक्ष्य में 27 अगस्त मंगलवार को दोपहर 1.30 बजे से जयपुर शहर स्थित राज्य सरकार के समस्त कार्यालयों, राजकीय उपक्रमों, शिक्षण संस्थानों के लिए आधे दिवस का अवकाश रहेगा।

### आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**जयपुर।** भारत सरकार ने 23 अगस्त को प्रतिवर्ष चन्द्रयान-3 मिशन की सफलता पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर अविचल चतुर्वेदी ने एक आदेश जारी कर बताया कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्योलयों एवं विद्यालयों में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। यह "Touching lives while Touching the Moon: India's Space Saga." की थीम पर मनाया जाएगा।

### एयर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई से आए 'एयर इंडिया' के एक विमान में बम की धमकी वाला संदेश मिलने के बाद गुरुवार को सुबह तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया और विमान की गहन सुरक्षा जांच के बाद ही आपात स्थिति को हटाया गया। हवाई अड्डा सूत्रों के अनुसार आपात स्थिति को अपराह्न करीब 12 बजकर 10 मिनट पर हटाया गया लेकिन उन्होंने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि यह धमकी झूठी थी या नहीं।

**थाने में खुदकुशी:** मृतक मुख्य आरक्षी ने छह पेज के सुसाइड नोट में लिखी बेबसी की दास्तां

# सिस्टम से हारे हेड कांस्टेबल... जिंदगी पर भारी पड़ी मौत!

■ भांकरोटा चौकी में केबल से लगाया फंदा ■ कमिश्नर के नाम से 40 लाख की मांगी रिश्वत ■ 5 माह से वेतन नहीं, 11 माह 20 दिन से तनाव में


**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस जवानों की मनोस्थित दुरुस्त रखने के लिए भले ही सेमिनार-वेबीनार कराए, मगर धरातल पर हकीकत गुरुवार को भांकरोटा थाने में तैनात एक हेडकांस्टेबल बाबूलाल बैरवा की खुदकुशी ने बयां कर दी। सिस्टम की विसंगतियों से हारे जवान ने छह पेज का सुसाइड नोट लिख चौकी में केबल से फंदा लगाकर मौत हो गले लगा लिया। सोशल मीडिया पर वायरल सुसाइड नोट ने महकमे में खलबली मचाने के साथ ही कई ऐसे चेहरों को बेनकाब किया जो स्वच्छ और दबंग छवि की पहचान रखने वाले पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नाम से गुल खिला रहे थे। पुलिस ने खुदकुशी से हुई किरकिरी से बचने के लिए साइबर टीम की मदद से सुसाइड नोट रिमूव कर दिया।



### कमिश्नर के नाम से किसने लिए 40 लाख रुपए

बाबूलाल ने सुसाइड नोट में लिखा कि मुकदमा नम्बर-629/22 और 408-412/23 में बड़ा खेला हुआ। किसी मुकेश गुर्जर और गजेन्द्र सिंह ने पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के नाम से 40 लाख रुपए लिए, जो किसी जमीनी विवाद से जुडी डील के बताए जा रहे हैं। प्रकरण संख्या 629/22 में एक आरोपी को बचाने के एवज में एसीपी अनिल शर्मा ने साढ़े चार लाख रुपए की डील कर उस मामले में एफआर लगा दी एसीपी ने बाबूलाल को कहा कि आरती के पति से पैसे ले लो फिर गिरफ्तार नहीं करूंगा। उसने एसीपी पर जमीनी विवादों के निपटारे के एवज में करीब 6 करोड़ रुपए लेने के गंभीर आरोप लगाए हैं।



### ऐसे सिस्टम से हार गया

3 अगस्त 2023 को रात करीब साढे तीन बजे गांव मुकुंदपुरा में झगडे की सूचना पर बाबूलाल चेतक लेकर पहुंचा। मौके पर मिले 7 जनों को पकडक़र शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया। इस माह 15 अगस्त को एसीपी मय थाना जाब्ता के साथ इसी विवाद में मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से गिरफ्तार किया। एसीपी ने एसएचओ को कहा कि इन्हें 412/23 में गिरफ्तार करो। एसएचओ ने मना किया तो एसीपी नाराज हो गए और उन्हें अवैध हिरासत में रखवाया गया। राठौड़ी कार्रवाई की शिकायत एसएचओ से पुलिस कमिश्नर से की थी मगर इस प्रकरण की जांच एसीपी को ही सौंप दी गई। जांच में उल्टे खुदकुशी करने वाले बाबूलाल को दोषी ठहराया तो उसे 18 अगस्त को सस्पेंड कर दिया गया। इसके बाद उसे 16 सीसीए का नोटिस भी थमाया गया। (शेष पेज 02 पर)

**उत्तर भारत के पहले हाइड्रोलिक प्लांट का सीएम ने किया उद्घाटन**

# प्लांट से रोजगार बढ़ेगा... होगी आर्थिक प्रगति: मुख्यमंत्री शर्मा

■ सीएम बोले... निवेशकों को राज्य सरकार करेगी पूरा सहयोग ■ निवेशकों को किया आमंत्रित

## विप्रो के चेयरमैन ने की प्रदेश में उद्योगों के लिए किए जा रहे नवाचारों की तारीफ

**बेधड़क** | अजमेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर में शुरू हो रहे उत्तर भारत के पहले विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट से रोजगार को बढ़ावा मिलेगा तथा यह राज्य की आर्थिक प्रगति में भी सहायक होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 9-11 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट में निवेशकों को आमंत्रित भी किया।

शर्मा गुरुवार को महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाइड्रोलिक सिलेंडर का आज कन्स्ट्रक्शन, अर्थमूविंग, यूटिलिटी एवं लिफ्टिंग, कृषि, वानिकी, खनन जैसे अनेक क्षेत्रों में उपयोग हो रहा है। ऐसे में देश-विदेश में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह संयंत्र उपयोगी साबित होगा। साथ ही, उन्होंने उम्मीद जताई कि इस संयंत्र का आगे विस्तार भी किया जाएगा।

**औद्योगिक विकास से ही आर्थिक उन्नति संभव:** शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार नवाचारों तथा नई नीतियों के माध्यम से राजस्थान को निवेशकों की पसंदीदा जगह बनाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश में नई औद्योगिक नीति-2024, एक्सपोर्ट प्रमोशन नीति, राजस्थान वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट पॉलिसी, राजस्थान वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक पॉलिसी जैसी विभिन्न नई नीतियों से निर्यात, लॉजिस्टिक इको सिस्टम बेहतर होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित क्षेत्रों में औद्योगिक गति देने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्ष में 53 हजार किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क, 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनने जैसे अहम निर्णयों से उद्योगों को नई रफ्तार मिलेगी।



### बिजली-पानी की उपलब्धता के निरंतर निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा इस वर्ष प्रदेश में पानी तथा बिजली की उपलब्धता के लिए निरंतर अहम निर्णय किए जा रहे हैं। जहां बिजली क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ के एमओयू किए गए हैं वहीं पानी के लिए ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे निर्णय किए गए, जिससे उद्योगों को उनकी मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में बिजली तथा पानी मिल सके। उन्होंने उद्योपतियों का आह्वान किया कि वे प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें। सरकार बिजली, पानी, जमीन सहित हर क्षेत्र में उनकी मदद करेगी, जिससे विकसित राजस्थान की संकल्प सिद्धि हो सके।

### अजीम प्रेमजी की दूरदर्शिता से विप्रो दिग्गज कंपनी

मुख्यमंत्री ने अजीम प्रेमजी का जयपुर में विप्रो हाइड्रोलिक प्लांट की शुरुआत करने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि अजीम प्रेमजी ने विप्रो का 53 वर्ष तक नेतृत्व किया है, तभी विप्रो आज इस मुकाम तक पहुंची है। एक कॉर्पोरेट समूह के रूप में विप्रो की देश-दुनिया में प्रतिष्ठा है। आईटी, इंजीनियरिंग, एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों में यह दिग्गज कंपनी मानी जाती है। साथ ही, प्रदेश सरकार के साथ मिलकर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतरीन काम कर रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक कैलाश वर्मा, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सीईओ दीपक शेट्टी, विप्रो हाइड्रोक्यूलिस अध्यक्ष सीताराम गणेशन सहित विप्रो के पदाधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उत्तर भारत में सर्वाधिक उपयुक्त जगह राजस्थान: अजीम प्रेमजी

विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेमजी ने कहा कि हाइड्रोलिक प्लांट की स्थापना के लिए उत्तर भारत में सर्वाधिक उपयुक्त जगह हमें राजस्थान लगा। यहां सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने भी हमें पूरा सहयोग दिया। सरकार द्वारा समयबद्ध सुविधाएं उपलब्ध होने से कम समय में ही यह प्लांट बनकर तैयार हो गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तहत राजस्थान में शिक्षा गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं तथा आगे भी यह कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाइड्रोलिक प्लांट का निरीक्षण किया।

**राजस्थान सहित 3 राज्यों में कार्रवाई**

# अलकायदा मॉड्यूल का भंडाफोड़, 14 गिरफ्तार



**बेधड़क** | जयपुर

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गुरुवार को आतंकियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस की टीम ने राजस्थान और यूपी एसटीएफ के सहयोग से अलग अलग जगहों से अलकायदा मॉड्यूल के 14 सदस्य गिरफ्तार किए। आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने राजस्थान के भिवाड़ी से छह मॉड्यूल सदस्यों और झारखंड और यूपी से आठ को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है।

### प्रदेश में भिवाड़ी से पकड़े आधा दर्जन

पुलिस ने राजस्थान के भिवाड़ी से अलकायदा मॉड्यूल के छह और झारखंड और यूपी से आठ यानी कुल 14 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध अलग-अलग राज्यों से हैं, जिनका मुखिया झारखंड का डॉक्टर इश्तियाक है। फिलहाल विभिन्न स्थानों पर छापामारी चल रही है और अतिरिक्त गिरफ्तारियों की भी संभावना है। आरोप है कि पकड़े गए आधा दर्जन संदिग्ध भिवाड़ी जिले में हथियार चलाने की ट्रेनिंग ले रहे थे। संदिग्धों को दिल्ली ले जाया गया है।

**प्रदेश में मंकीपॉक्स को लेकर अलर्ट जारी**

# केन्द्र की एडवाइजारी के बाद राज्य सरकार एक्शन मोड में

**बेधड़क** | जयपुर

अफ्रीका महाद्वीप के देशों समेत एशियाई देशों में फैल रहे मंकी पॉक्स वायरस के केस को देखते हुए केन्द्र सरकार ने एडवाइजारी जारी की है। इसे देखते हुए राजस्थान हेल्थ डिपार्टमेंट ने भी विदेश से आने वाले नागरिकों के लिए एहतियात बरतने के निर्देश दिए है। हाल ही के दिनों में फिलहाल मंकी पॉक्स का भारत में तो कोई केस सामने नहीं आया है।

**ये हैं लक्षण:** मंकी पॉक्स से ग्रसित मरीजों में शुरुआती लक्षण फ्लू जैसे होते हैं। इनमें बुखार, बदन दर्द और शरीर पर दाने के अलावा कंपकंपी छूटना, थकान और सूजी हुई लिम्फ नोड्स शामिल हैं। ये लक्षण



संक्रमण के 5वें दिन से 21वें दिन तक आ सकते हैं। एडवाइजरी में अफ्रीकी देशों से ट्रैवल करके आने वाले लोगों पर विशेष नजर रखने के लिए कहा है। अगर कोई विदेश से यात्रा करके आता है और उस व्यक्ति में इस तरह की बीमारी के लक्षण दिखते हैं। उसे तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। प्रशासन को सूचित करना चाहिए।

**अब अवैध खनन पर खैर नहीं**

# राज्य सरकार की अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति, 7 दल गठित

- सरकार अवैध खनन के प्रति गंभीर, खान विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में
- मुख्य सचिव ने एसआईटी की नियमित बैठकें करने के दिए निर्देश
- सख्त कार्रवाई के निर्देश के साथ कोताही बर्दाश्त नहीं करने का स्पष्ट संदेश

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई और औचक निरीक्षण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सात अलग अलग दलों का गठन किया गया है। यह दल अवैध खनन गतिविधियों के साथ ही आरसीसी, ईआरसीसी ठेकों के साथ ही वे-ब्रिजो आदि का भी निर्देशित क्षेत्र व स्थान पर औचक निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री व खान मंत्री भजनलाल शर्मा समीक्षा बैठकों के दौरान अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश देते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं।



### सातों दलों के सदस्यों को किया अधिकृत

डीएमजी कलाल ने बताया कि सातों दल सदस्यों को राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अनुसार नियम 54 व 60 के तहत कार्यक्षेत्र के बाहर अन्यत्र स्थान पर भी अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया है। निर्देशित क्षेत्र में पहुंचने पर दल के सदस्य मय बॉर्डर होमगाड्र्स के दो अलग अलग टीमों में विभक्त होते हुए नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। सभी दलों को दो-दो वाहन उपलब्ध कराने के साथ ही विशेष परिस्थितियों में जोनल अतिरिक्त निदेषकों को वाहन उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### सीएस ने दिए सख्ती बरतने के निर्देश

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने इसके लिए जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में गठित एसआईटी की नियमित बैठकें करने और कलेक्टरों को आवश्यक कार्रवाई व निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं, वहीं खान सचिव आनन्दी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकों व वर्चुअल बैठकों के माध्यम से नियमित समीक्षा कर रही हैं। आनन्दी ने अधिकारियों को सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश के साथ ही किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं करने का स्पष्ट संदेश दिया है। पिछले दिनों ही लापरवाही व अनियमितता के चलते दो अधिकारियों व एक कार्मिक को निलंबित किया गया है।

### हर दल में पांच सदस्य

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई व औचक निरीक्षण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पांच-पांच सदस्यीय 7 दलों का गठन किया गया है। दलों में तकनीकी अधिकारियों को भी शामिल करने के साथ ही बॉर्डर होमगार्ड्स उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। विभाग द्वारा गठित दलों में दल संख्या 1 अधीक्षण खनि अभियंता सतर्कता बीकानेर राजीव चौधरी, दल संख्या 2 अधीक्षण खनि अभियंता सतर्कता बीकानेर अविनाश कुलदीप, दल संख्या 3 अधीक्षण खनि अभियंता सतर्कता उदयपुर अरविन्द नन्दवाना, दल संख्या 4 अधीक्षण खनि अभियंता सतर्कता जयपुर प्रताप मीणा, दल संख्या 5 खनि अभियंता सतर्कता बीकानेर मुकेश मंगल, दल संख्या 6 अधीक्षण खनि अभियंता सतर्कता भरतपुर पन्ना लाल मीणा व दल संख्या 7 में खनि अभियंता सतर्कता कोटा ललित मंगल के नेतृत्व में गठित किया गया है।

## जरूरी खबर

### BJP अध्यक्ष मदन राठौड़ से मिले विधायक व्यास



**जयपुर।** बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने जयपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से मुलाकात की। उन्होंने राठौड़ को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। उन्होंने राठौड़ के साथ संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। आगामी दिनों में होने वाली संगठनात्मक नियुक्तियों में पार्टी के जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता देने के लिए कहा। इस दौरान विधायक ने प्रदेश अध्यक्ष को विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों और नवाचारों के बारे में बताया।

### इस बार उदयपुर में होगा भामाशाह सम्मान समारोह

**जयपुर।** 28वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह पहली बार उदयपुर शहर में आगामी 1 सितंबर को होगा। राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह के नोडल अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा उदयपुर संभाग महेंद्र कुमार जैन ने बताया कि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में होने वाले इस राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस राज्य स्तरीय भामाशाह समारोह मे कुल 157 भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को योग से जोड़ने का अभिनव प्रयास’



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से जयपुर योगा लीग के सचिव अभिनव जोशी एवं जयपुर योग महोत्सव के संयोजक योगाचार्य योगी मनीष विजयवर्गीय ने मुलाकात की। उन्होंने 24- 25 अगस्त को एसएमएस स्टेडियम में आयोजित आठवीं जयपुर योगा लीग की जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम आमंत्रित किया। बैरवा ने प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को योग से जोड़ने के प्रयास की सराहना करते हुए चैंपियनशिप के पोस्टर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर गो सेवक महेश महाराज का सानिध्य रहा। महाराज ने कहा कि युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक बल देने के लिए जयपुर योगा लीग जिस प्रकार जमीनी स्तर पर कार्य व्यक्ति से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण सहभागिता है।

---

**विधानसभा अध्यक्ष ने ढंग से मॉनिटरिंग करने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**

# विधायक आवास परिसर में लगाए जाएंगे सोलर पैनल: देवनानी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधायक आवास परिसर में जल्द ही सोलर पैनल लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे विधायक आवास परिसर की विद्युत वितरण कंपनियों की ग्रिड से आने वाली बिजली पर निर्भरता कम होगी और विधायक आवास परिसर में राजकीय विद्युत खर्चे में राहत मिल सकेगी।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने राजस्थान विधानसभा के पिछले दिनों बिजली खर्च का अधिक बिल आने पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि विद्युत खर्चे के इन बिलों की गहराई से जांच की जाए और संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी भी तय की जाए। देवनानी ने भविष्य में विद्युत खर्चे पर मॉनिटरिंग की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए। देवनानी ने कहा कि विधानसभा में स्थापित 33 केवी ग्रिड में आदर्श पावर फैक्टर को बनाए रखने के हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने गत माह में पावर फैक्टर संधारित नहीं किए जाने के कारणों की विस्तृत जांच करने के भी निर्देश दिए। देवनानी ने विधानसभा में सौर ऊर्जा की कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए अधिकारियों को कहा। देवनानी ने कहा कि सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन होने से विधानसभा और विधायक आवास परिसर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सकेंगे।



### बिजली खर्च कम करने पर किया विचार विमर्श

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को यहां विधानसभा में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और विधानसभा के उच्च अधिकारियों की एक बैठक में बिजली खर्च कम करने पर विचार विमर्श किया। देवनानी ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार ही बिजली का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा में प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी बिजली के सदुपयोग पर जागरूकता का परिचय दें।

---

**बोले-कांग्रेसियों ने काका कालेकर तथा मंडल कमीशन की रिपोर्ट को दबाया**

# हमने राहुल गांधी का नाम रखा है अकबराबादी: डॉ. राधा मोहन

**बेधड़क** | जयपुर

दौसा में गुरुवार को भाजपा की संगठनात्मक बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल मीडियाकर्मियों से मुखातिब हुए। प्रदेश प्रभारी डॉ. अग्रवाल ने आरक्षण आंदोलन को लेकर कांग्रेस नेताओं पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो लोग सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ हैं, वो आरक्षण के भी खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का नाम हमने राहुल अकबराबादी रखा है, जिन लोगों ने देश में 65 साल राज किया, उन्होंने आरक्षण पर कोई काम नहीं किया। लेटरल एंट्री पर अग्रवाल ने कहा जो इसका विरोध कर रहे हैं, यह उनकी ही व्यवस्था है। अग्रवाल ने पूछा कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को किस व्यवस्था के तहत वित्त सचिव बनाया गया था। उन्होंने कहा कि अगर विरोध करना है तो पहले मनमोहन सिंह को व्यवस्थाओं से बाहर करें।

इससे पूर्व बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बैठक लेने का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है और इसके लिए भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। भाजपा प्रदेशभर में प्रत्येक विधानसभा में घर-घर जाकर सदस्य बनाएगी और संगठन को और मजबूत करने का कार्य करेगी। जब संगठन मजबूत होगा तो चुनावों में जीत निश्चत होगी।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी अनुसूचित समाज के लिए आरक्षण को लेकर कोई कदम नहीं उठाया। 65 साल से इन कांग्रेसी नेताओं ने सत्ता रहते अनुसूचित समाज को गालियां देने का काम किया। कांग्रेसियों ने काका कालेकर की रिपोर्ट तक नहीं बनाई। मंडल कमीशन की रिपोर्ट को कुडे में डाल दिया। उसे लागू नहीं किया। जबकि भाजपा ने आरक्षण की लड़ाई को मजबूती से लड़ा है। इसके लिए सभी समाज भाजपा के आभारी है। वहीं उच्चतम न्यायालय की घोषणा को भी हमने कैबिनेट की बैठक बुलाकर लागू करने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद भी कुछ लोग समाज को बरगलाने का कार्य कर रहे हैं। ये देश विरोधी ताकते मिलकर समाज को बांटने का कार्य कर रही है। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर पिछले दिनों राजधानी जयपुर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई। अब प्रदेश के प्रत्येक जिले के साथ मंडल और बूथ स्तर पर कार्यशाला होगी और फिर इस अभियान को शुरू किया जाएगा। दौसा में संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। संगठनात्मक बैठक में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभु लाल सैनी, नाहर सिंह जोधा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, महेंद्र कुमावत ने संबोधित किया।



### कांग्रेस ने देश को तोड़ने का काम किया: राठौड़

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि दौसा में भाजपा परिवार के सदस्यों से मिलकर चर्चा की गई। भाजपा में कभी भितरघात रहा ही नहीं। भाजपा में कार्यकर्ता एकजुट है और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी इन ही कार्यकर्ताओं की बदौलत बनी है। कांग्रेस पार्टी ने देश को तोड़ने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 140 करोड़ देशवासियों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाई और समाज को जोड़ने का कार्य किया। कांग्रेसियों को विपक्ष में रहकर सकारात्मक विपक्ष की भूमिका अदा करनी चाहिए, लेकिन आज विपक्ष भ्रम पैदा कर रहा है, यह जनता समझ चुकी है। आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि न हम आरक्षण के साथ छेड़खानी करने वाले हैं ना हम कोई संविधान से छेड़खानी करने वाले हैं। हम समाज को तोड़ने नहीं देंगे। समाज को एक करने का काम कर चुनाव जीतेंगे। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने यह भी कहा कि हम किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेते हैं। हम हमारे कार्यकर्ताओं से सलाह मशविरा करते हैं। हमें न केवल चुनाव लड़ना है बल्कि चुनाव जीतना भी है।



### मंत्री हूं, इसलिए बाढ़ क्षेत्र के दौरे किए: डॉ. किरोड़ी

दौसा में उपचुनाव को लेकर हुई भाजपा की बैठक में खास बात यह रही कि आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी इसमें शामिल हुए। डॉ. किरोड़ी यहां बोले, मंत्री हूं, इसलिए बाढ़ क्षेत्र के दौरे किए। मैं मंत्री नहीं होता तब भी जनता का दुख-दर्द समझने के लिए सदा काम करता हूं और अब मैं मंत्री हूं इसलिए मैंने पिछले दिनों बाढ़ के दौरान प्रदेश के कई जिलों के दौरे किए। यदि ऐसे समय में मैं लोगों के हाल-चाल जानने और मदद के लिए नहीं जाता तो लोग कहते कि कैसा मंत्री है जो हम लोगों के इस संकट के बीच में हाल-चाल जानने भी नहीं आया।

### मीटिंग के बीच चले गए राजेंद्र राठौड़

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बीजेपी की बैठक बीच में छोड़कर चले जाने पर प्रदेश प्रभारी डॉ. राधा मोहनदास अग्रवाल ने रिपोर्ट मांगी है। इससे सियासत गरमा गई है। दरअसल, जयपुर में मंगलवार को बीजेपी सदस्यता अभियान की बैठक हुई थी। इस दौरान राजेंद्र राठौड़ बीच में चले गए थे। प्रदेश प्रभारी ने अपने भाषण में पूछा- राजेंद्र राठौड़ कहां चले गए? मैं सब पर नजर रखता हूं। इस बहाने उनकी अटेंडेंस भी लग गई। उनसे पूछा जाना चाहिए कि किस कारण से उन्हें बैठक छोड़कर जाना पड़ा? प्रदेश प्रभारी ने कहा- बैठक में 24 मंत्रियों को रहना था, उनमें से 16 ही आए हैं। 14 सांसदों में से 10 सांसद, 115 विधायकों में से 64 विधायक और 44 जिलाध्यक्षों में 38 आए हैं। बैठक में नहीं आने वाले नेताओं से पूछना चाहिए, वे क्यों नहीं आए?

---

**लोकसभा अध्यक्ष ने की जनसुनवाई**

# बूंदी की सभी समस्याओं का स्थाई समाधान होगा: ओम बिरला



**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गुरुवार को बूंदी दौरे पर रहे। लोकसभा अध्यक्ष ने बूंदी सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। जन सुनवाई के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने प्रशासनिक अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बिरला को बाजारों में जलभराव व विकास कार्यों से जुड़े विषय बताए। बिरला ने आश्वस्त किया कि बूंदी की सभी समस्याओं का स्थाई समाधान होगा और कार्ययोजना बनाकर शहर का समग्र विकास करेंगे। बिरला कजली तीज महोत्सव शोभायात्रा में सम्मलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीज महोत्सव हमारी समृद्ध गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक पर्व है। यहां का मेला पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र हैं। इस उत्सव का वैभव और बढ़े, इसके लिए हम मिलकर प्रयास करेंगे। मां पार्वती और भगवान शिव का आशीर्वाद बूंदीवासियों पर बना रहे। इस दौरान नगर परिषद सभापति मधु नुवाल, जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा, सुरेश अग्रवाल, केशवरायपाटन पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल भी मौजूद रहे।

## पेज 1 का शेष...

### थाने में खुदकुशी....

इतना ही नहीं एसीपी के इशारे पर कथित पत्रकार कमल देगडा हेडकांस्टेबल को बदनाम करने वाले वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर मानसिक तनाव दिया। दर-दर भटका फिर भी न्याय नहीं खुदकुशी करने वाले बाबूलाल का करीब 5 माह से वेतन रुका हुआ था। उसने निलंबन को गलत बताते हुए पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ से गुहार लगाई। बाबूलाल ने जांच में सलंग्न गलत तथ्यों का आरटीआई से रिकॉर्ड लेकर भी पेश किया, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। बाबूलाल ने डीजीपी यूआर साहू से 16 सीसीए की कार्रवाई को गलत बताते हुए न्याय की करने की बात कही थी। उसने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, उद्योग मंत्री राज्य वर्धन सिंह राठौड,मानवाधिकार आयोग और डीसीपी अमित बुडानिया से भी न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़ित ने खुदकुशी के कारणों का हवाला देकर सीबीआई से जांच करवाकर दोषियों को सजा दिलाने की बात कही है।

### इन पर भी लगाए आरोप

थाने के एसआई आशुतोष सिंह पर गाली-गलौच कर अधिकारियों के आदेश पर काम करने का दबाव बनाकर थाने में छवि खराब की। उसने आरोप लगाया है कि एसीपी के इशारे पर एडिशनल डीसीपी वेस्ट हेडक्वार्टर जगदीश व्यास पर उसे सेवा से बर्खास्त करने की साजिश रची। खुदकुशी से पहले उसने सुसाइड नोट डीजीपी को कहा कि अगर प्रकरण की जांच कराए तो सहकर्मी हेड कांस्टेबल पुष्कर को टीम में शामिल करें। उसने डीजीपी से कहा कि मेरे बेटे तनुज को नौकरी देकर पत्नी मीना देवी को रुका वेतन दिया जाए। उसने अपने संबंधी देवी सहाय से भावनात्मक गुहार लगाई है। कहा कि बड़ी बेटी एकता आपकी बहू है, अब दूसरी बेटी साक्षी का विवाह आपके बेटे अनिल से सिर्फ वरमाला डालकर करवा देना, मैं जा रहा हूं, मेरे परिवार के पास पैसे नहीं है।

---

**संस्कृत विद्यालय में कक्षा-कक्षों का लोकार्पण समारोह में बोले सीएम**

# संस्कृत शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: भजनलाल

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रें के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हमारी सरकार जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

शर्मा गुरुवार को सांगानेर स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, प्रतापनगर में कक्षा-कक्षों के लोकार्पण एवं मुख्यमंत्री सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 में प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है तथा हर क्षेत्र और हर वर्ग को सौगातें दी हैं। प्रदेश के विकास के लिए बिजली और पानी मूलभूत आवश्यकताएं हैं, इसलिए राज्य सरकार इनकी पर्याप्त उपलब्धता के लिए विशेष ध्यान दे रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय परिसर में निर्मित कक्षा-कक्षों का लोकार्पण किया। उन्होंने नए कक्षों के निर्माण के लिए विद्या सेवा संस्थान, जयपुर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न व्यापार मंडलों और सामाजिक संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री का सम्मान किया गया।

विभिन्न स्थानों पर आमजन ने पुष्प वर्षा कर एवं ढोल-नगाड़े बजाकर गर्मजोशी से मुख्यमंत्री का स्वागत भी किया। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, विद्या सेवा संस्थान की अध्यक्ष दिव्या सौंखिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सांगानेर रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांगानेर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने के लिए 192 करोड़ रूपए की लागत से पुनर्विकास की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत कई यात्री सुविधाएं एवं सेवाएं विकसित की जा रही हैं। इन सभी सुविधाओं से सांगानेर स्टेशन पर यात्रियों की आवक में वृद्धि होगी तथा आस-पास के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर मुंबई तक लंबे रूट की गाड़ियों की कनेक्टिविटी में भी वृद्धि होगी और यात्री लंबी दूरी की यात्र सुगमता से कर पाएंगे।

### 3,100 करोड़ रुपए के हो रहे विकास कार्य

सीएम ने कहा कि सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में जिन कॉलोनियों का नियमन हो गया है, वहां अब सड़क, बिजली, पानी आदि विकास के काम तेजी से किए जा रहे हैं। इससे आमजन को सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 3 हजार 100 करोड़ रुपए के काम सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के लिए करवाए जा रहे हैं। इससे सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास हो सकेगा।

### जयपुर मेट्रो से मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार मेट्रो का विस्तार करते हुए इसे सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक संचालित करने पर कार्य कर रही है। इससे प्रतापनगर, सीकर रोड, विद्याधर नगर, सीतापुरा जैसे क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ेंगे और आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां के सभी निवासी मेरे परिवार के सदस्य हैं। उनकी सेवा के लिए वे 24 घंटे उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के आशीर्वाद की ताकत से ही वे हर प्रदेशवासी की सेवा के लिए हर पल समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं।

## जरूरी खबर

### हादसे में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 10 हजार



**जयपुर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय (गोल्डन ऑवर) में राज्य के निकटतम सरकारी एवं निजी चिकित्सा संस्थान (अस्पताल या ट्रोमा सेंटर आदि) पहुंचाने वाले व्यक्ति को राज्य सरकार 10 हजार की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र देगी। इसके लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का गठन किया गया है। इस संबंध में वित्त विभाग ने घायल व्यक्तियों के जीवन रक्षा के परिप्रेक्ष्य में घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय में चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराने की दृष्टि से आमजन को प्रेरित करने के उद्देश्य से 21 अगस्त, 2024 को दिशा निर्देश जारी किए हैं। योजना के लिए बजट परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के समर्पित सड़क सुरक्षा कोष द्वारा वहन किया जाएगा।

### महापौर ने किया वार्षिकोत्सव के पोस्टर का विमोचन



**जयपुर।** नारायणी दादी सेवा संघ का वार्षिकोत्सव मंगलवार को मनाया जाएगा। कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन गुरुवार को नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने किया। इस अवसर पर महापौर सौम्या गुर्जर ने नारायणी दादी सेवा संघ को 13 वर्ष पूरे होने पर शुभकामना भी दी। संघ की संस्थापिका अरुणा दीदी ने बताया कि नारायणी दादी सेवा संघ का वार्षिकोत्सव सीकर रोड स्थित रामेश्वरम गार्डन में मनाया जाएगा। इस अवसर पर 1300 महिलाएं कलश यात्रा भी निकालेंगी और नव दुर्गा की झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर परिवार की मीनाक्षी अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, प्रशांत गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, राजेंद्र माहेश्वरी और श्रद्धा अग्रवाल मौजूद रहीं।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


महापौर ने गोविंददेव जी और गोपीनाथ मंदिर में लिया तैयारियों का जायजा, दिए निर्देश

# जन्माष्टमी शोभायात्रा में नहीं हो श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम जयपुर हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने गुरुवार को दौरा कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर हेरिटेज निगम की ओर से की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आराध्य देव श्री गोविंददेव जी मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित श्रीगोपीनाथ जी मंदिर में व्यवस्थाएं देखी। साथ ही शोभायात्रा मार्ग पर भी सफाई व्यवस्था, पेच वर्क कार्य और विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम अधिकारी जोन उपायुक्त पूजा मीना, सतर्कता शाखा उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य सभी निगम के अधिकारी और इंजीनियर मौजूद रहे।



### लगाई जाएंगी अलग से लाइटें

मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा कि शहर में इस बार मानसून जमकर बरसा है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति है। इस वजह से सीवरेज की समस्या बढ़ गई है। इसके साथ ही काफी जगह सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। इन दोनों समस्याओं को जल्द से जल्द दुरुस्त कराया जाएगा। गुर्जर ने कहा कि मैंने जन्माष्टमी से पहले गोविंद देव जी मंदिर का भी निरीक्षण किया है। यहां मंदिर प्रशासन के साथ बातचीत कर हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया है। नगर निगम द्वारा जन्माष्टमी से पहले मंदिर के आसपास अतिरिक्त लाइट लगाने के साथ ही आकर्षक सजावट की जाएगी। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा हर संभव व्यवस्था की जाएगी, ताकि दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### की जा रही हैं सफाई और अन्य व्यवस्थाएं

महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि जयपुर शहर में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। शहर में श्री गोविंद देव जी मंदिर, गोपीनाथ जी मंदिर में दर्शन करने आने वाले आमजन को परेशानी नहीं हों, इसके लिए हेरिटेज निगम की तैयारियां चल रही है। पूरे शहर में सफाई व्यवस्था की जा रही है। बारिश से टूटी सड़कों पर पेच वर्क किया जा रहा है। साथ ही अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कारवाई के निर्देश दिए है, जिससे शोभायात्रा मार्ग में परेशानी नहीं आएं।

महिला रेजिडेंट ने ग्रुप में मैसेज कर की थी प्रताड़ना की शिकायत

# सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर सस्पेंड... ताकि दूसरी निर्भया नहीं बने

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज की महिला रेजिडेंट डॉक्टर की शिकायत पर सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर को सस्पेंड कर दिया। महिला रेजिडेंट डॉक्टर ने 18 अगस्त की रात को डॉक्टर्स के ग्रुप में मैसेज किया था।

इसके बाद चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया था। मैसेज में लिखा था- मेरे साथ रेप और हत्या कुछ भी हो सकता है। मैं नहीं चाहती कि अगली निर्भया बनूं। इस मामले की जांच के लिए कॉलेज प्रशासन ने एक कमेटी बनाई थी।

कमेटी की सिफारिश और जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) प्रतिनिधियों की मांग के बाद प्रशासन ने सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर को निलंबित करने का फैसला किया। एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि कमेटी ने जो जांच की, उसमें सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के कृत्य को गलत मानते हुए अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।




### सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी शिकायत

महिला रेजिडेंट डॉक्टर ने सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर पर प्रताड़ना करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। इस पोस्ट को गंभीरता से लेते हुए कॉलेज प्रशासन ने इसकी शिकायत एसएमएस पुलिस थाने में दी। वहीं इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए 4 डॉक्टरों की एक कमेटी भी बनाई थी।

### मेरे मेडिकल जीवन में सबसे बुरा अनुभव

महिला डॉक्टर ने वॉट्सऐप ग्रुप पर लिखा था कि कॉलेज का एक रेजिडेंट डॉक्टर महिलाओं को वस्तु समझता है। मैं साहस जुटा रही हूं, ताकि उसका असली चेहरा सबके सामने आ सके। मैं अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित नहीं हूं, क्योंकि उसने मुझे धमकी दी है कि वह मेरे साथ बहुत बुरा करेगा। उसके पास राजनीतिक पावर है। क्या मुझे तब तक इंतजार करना चाहिए? रेप से लेकर हत्या या और कुछ भी हो सकता है? मेरे साथ कुछ भी बुरा होता है, इसके लिए वह पूरी तरह से जिम्मेदार होगा। मैं ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई चाहती हूं। जो रेपिस्ट जैसे ही अपराधी हैं। मैं नहीं चाहती कि अगली निर्भया बनूं। यह मेरे मेडिकल जीवन में सबसे बुरा अनुभव रहा। यह व्यक्ति सफेद कोट पहनने लायक नहीं है। मैं चाहती हूं कि अपने सहकर्मियों के कारण असुरक्षित महसूस करने वाली महिलाओं को आगे आकर इसके बारे में बोलना चाहिए। शर्म हमें नहीं इस तरह के घटिया लोगों को आनी चाहिए।

### पीड़िता ने मेडिकल कॉलेज पर छोड़ी थी कार्रवाई

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने पोस्ट का स्क्रीन शॉट मिलने पर एसएमएस थाना सीआई को जानकारी भेजी थी। जब सीआई ने महिला रेजिडेंट डॉक्टर को कॉल किया तो पुलिस को इस केस में कार्रवाई करने से इनकार कर दिया था। कहना था कि इस केस में जो भी कार्रवाई करनी है, वह एसएमएस मेडिकल कॉलेज करे। वह किसी भी प्रकार की कोई शिकायत पुलिस को नहीं देना चाहतीं। उसकी परेशानी उसने अपने सीनियर तक पहुंचा दी है, वही इस पर एक्शन करें।

पासबुक एंट्री में पता चला ठगी का

# विधायक के खाते में साइबर ठगों की सेंधमारी, दो बार निकाले रुपए



**बेधड़क** | जयपुर

सादुलपुर सीट से विधायक मनोज न्यांगली के खाते से साइबर ठगों ने रुपए निकाल लिए, वो भी 17 दिन के भीतर ही दो बार। विधायक ने जयपुर के ज्योति नगर थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ साइबर ठगी और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि अपनी पासबुक में एंट्री करवाने के लिए बैंक गए तो उनको ठगी का पता चला।

एएसआई उदयवीर सिंह ने बताया कि विधायक मनोज कुमार ने साइबर ठगों के खिलाफ दी रिपोर्ट में बताया कि ज्योति नगर स्थित विद्युत भवन में भारतीय स्टेट बैंक की ब्रांच में उनका खाता है। 21 अगस्त को वह पासबुक लेकर ट्रांजैक्शन की एंट्री करवाने बैंक गए थे। एंट्री करवाने के बाद उनको पता चला कि 4 अगस्त और 20 अगस्त को उनके खाते से दो ट्रांजैक्शन हुए हैं और करीब 90 हजार रुपए निकाले गए हैं। इस पर उन्होंने बैंक के कर्मचारी से इन ट्रांजैक्शन की जानकारी ली तो सामने आया कि उनके खाते से रुपए दूसरे खातों में ट्रांसफर किए गए हैं।

खाते से रुपए निकालने का पता चलने के बाद विधायक मनोज कुमार पासबुक लेकर थाने पहुंचे और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई। विधायक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और विधायक के खाते की जांच शुरू कर दी है। विधायक के खाते से रुपए जिस खाते में ट्रांसफर किए गए हैं, उसकी भी जानकारी निकालने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने की मांग्यावास में कार्रवाई

# दो ब्रांड का 102 लीटर 'मिलावटी घी' जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मानसरोवर के मांग्यावास में कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दो अलग-अलग ब्रांड का 102 लीटर घी जब्त किया। यह घी मिलावटी होने की आशंका पर जब्त कर सील किया गया। इसके तीन नमने लिए गए हैं, जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' के तहत खाद्य आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन एवं अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दल मेसर्स कमल सेल्स एजेंसीज प्लॉट, नंबर B2, कृष्ण विहार, बी-चोपड़ा गार्डन रोड मांग्यावास, मानसरोवर की दुकान का निरीक्षण किया। दुकान में वृजवासी घी जो कि 1 लीटर एवं आधा लीटर साइज में 86 लीटर आम जनता को विक्रय हेतु रखा हुआ था। यह गुजरात निर्मित घी 365 रुपए प्रति किलो में खरीद किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त एक अन्य घी सोसाइटी ब्रांड जो आधा लीटर के 32 पीस कुल 16 लीटर रखे हुए थे। उपरोक्त में से जांच के तीन नमूने लेने के पश्चात शेष माल को जप्त कर सील किया गया। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद्र यादव, राजेश कुमार नगर तथा नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।




नाराज पार्षद और स्थानीय लोगों ने किया प्रदर्शन

# सीवर लाइन 15 दिन से जाम

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर के वार्ड 134 के बजाज नगर स्थित बैरवा कॉलोनी में सीवर लाइन पिछले 15 दिन से ब्लॉक है। इसको लेकर आमजन और यहां के स्थानीय पार्षद करण शर्मा नगर निगम मुख्यालय और जोन ऑफिस में कई शिकायतें दे चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इससे नाराज पार्षद और वहां के स्थानीय लोगों ने कॉलोनी में प्रदर्शन किया।

करण शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने निगम में अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमारी से बात की थी। तब अतिरिक्त आयुक्त ने उनको आश्वासन दिया था कि इस समस्या का 48 घंटे में निस्तारण कर दिया जाएगा और इस बात को भी एक सप्ताह हो गया। पार्षद ने बताया कि प्रदर्शन की सूचना के बाद गुरुवार को नगर निगम आयुक्त ने मालवीय नगर जोन उपायुक्त को निर्देश दिए कि वे इस समस्या का निस्तारण करवाएं। उपायुक्त मालवीय नगर अर्शदीप बराड़ मौके पर आई, लेकिन वे भी आश्वासन देकर चली गई। न तो उन्होंने मौके पर सीवर जेटिंग मशीन मंगवाई और ना ही मेन्युअल कर्मचारियों को बुलाकर समस्या का निस्तारण करवाया।



एयरपोर्ट पर साइंटिस्ट के झूठ से हड़कंप, भोपाल की फ्लाइट एक घंटे लेट

# मेरे बैग में बम है... कहां है?, तो बताया फ्लाइट में पहुंच गया

**बेधड़क** | जयपुर

एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने साइंटिस्ट (यात्री) से पूछा कि बैग में क्या है? उसने कहा- बम। इसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षाकर्मी अलर्ट मोड में आ गए। फौरन यात्री को हिरासत में ले लिया गया। जांच के बाद उसकी सूचना अफवाह निकली। इसके चक्कर में सुबह 9:45 पर भोपाल जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट करीब एक घंटे देरी से उड़ान भर सकी।




### सख्ती की तो सच आया सामने

जयपुर एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट से गुरुवार को एक ट्रांजिट (कनेक्टिंग) यात्री को भोपाल जाना था। सुबह लगभग साढ़े नौ बजे एयरपोर्ट पर लगेज चेकिंग के दौरान स्टाफ ने यात्री से उसके बैग में रखे सामान की जानकारी मांगी। उसने कहा कि बैग में बम है। सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि बैग कहां है? यात्री बोला- बैग फ्लाइट में पहुंच गया है। एयरपोर्ट स्टाफ ने भोपाल जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट को रुकवा कर उसमें रखे यात्री के सामान की जांच की, लेकिन उसमें बम नहीं मिला। सीआईएसएफ ने सख्ती से पूछताछ की तो यात्री बोला- मैंने परेशान होकर कहा था कि बैग में बम है।

### कई बार पहले भी फैली बम की अफवाह

जयपुर एयरपोर्ट पर बम की अफवाह की खबर कोई नई नहीं है। इससे पहले भी कई बार एयरपोर्ट पर बम होने की अफवाह फैल चुकी है। 15 फरवरी को जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। जयपुर एयरपोर्ट की ऑफिशियल आईडी पर डॉन ऑफ इंडिया नाम की आईडी से ई-मेल भेजकर धमकी दी गई थी। जांच में सुरक्षा एजेंसी और पुलिस को कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला था। पिछले साल 27 दिसंबर को भी जयपुर सहित करीब आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। ऑफिशियल कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल मिलने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई थी। इस बार भी जांच में किसी तरह की कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली थी।

### जांच के बाद यात्री को छोड़ा

एयरपोर्ट थाना एसएचओ मोतीलाल शर्मा ने बताया कि सुबह जयपुर एयरपोर्ट पर भोपाल जाने वाली फ्लाइट के यात्री ने बार-बार चेकिंग से परेशान होकर खुद के बैग में बम होने की बात कह दी थी। जांच में पता चला कि 59 साल का यात्री पेशे से साइंटिस्ट है। उसने परेशान होकर बम होने की बात कही थी। यात्री सामान्य पाया गया। उसे छोड़ दिया गया है। फिलहाल एयरपोर्ट थाने में इस मामले को लेकर कोई भी शिकायत दर्ज नहीं हुई है।

### सोलह बीघा भूमि से दो अवैध कॉलोनियां तोड़ी

**जयपुर।** जेडीए द्वारा जोन-10 में इकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की करीब 16 बीघा भूमि पर बसाई जा रही दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 इकोलोजिकल जोन में स्थित ग्राम बल्लूपुरा में करीब 6 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर राधा कुंज के नाम से और सुमेल रोड रोजस विला गार्डन के पास में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के लिए बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। रिंग रोड आगरा रोड पर में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को हटवाकर जमीन खाली करवाई।

## जरूरी खबर

### क्रेन की टक्कर से गिरी मंदिर की छत, प्रतिमा खंडित



**अलवर।** अग्रसेन सर्किल से दो सौ फीट रोड जाने वाली मुख्य सड़क के बीच में साठ साल पहले बने मंदिर से एक क्रेन बुधवार देर रात टकरा गई, जिससे मंदिर की छत प्रतिमाओं के ऊपर गिर गई। इससे मूर्तियां खंडित हो गई। गुरुवार सुबह जब आमजन को पता चला तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। एनईबी थाना प्रभारी दिनेश मीणा ने बताया कि सीसीटीवी देखने के बाद क्रेन की टक्कर की जानकारी मिली। जनआक्रोश को देखते हुए क्रेन मालिक और लोगों में मंदिर दुबारा बनवाने की बात पर सहमति बन गई है।

### विवाहिता का वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**अजमेर।** शहर के अलवर गेट थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता का एक व्यक्ति ने अश्लील वीडियो बना लिया और पैसे ऐंठने की नीयत से उसे ब्लैकमेल करने लगा, जब पीड़िता ने डिमांड पूरी नहीं की तो आरोपी ने उसका वीडियो विवाहिता के पति को भेज दिया। पीड़िता ने पति के साथ मिलकर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके मोबाइल पर किसी अनजान व्यक्ति का फोन आया था। उस अनजान व्यक्ति ने दोस्ती का प्रस्ताव दिया। बाद में मोबाइल पर बातचीत होती रही। इस बीच उसने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इस वीडियो के माध्यम से आरोपी उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

### कामां में समाज कंटकों ने तोड़ी अंबेडकर प्रतिमा



**डीग।** जिले के कामां कस्बे में कतिपय समाजकंटकों ने बुधवार देर रात बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। यह प्रतिमा कामां में जुरहरा रोड पर अंबेडकर पार्क में लगी हुई थी. इसकी जानकारी सुबह लगी तो लोग गुस्सा हो गए और उन्होंने रोड जाम कर दिया। मौके पर कामां विधायक नौक्षम चौधरी भी पहुंची और आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक धरना देने की चेतावनी दी। सूचना पर मौके पर एडिशनल एसपी सतीश यादव, SDM सुनील कुमार, कामां थाना और जुरहरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

---

**विश्व के सबसे बड़े राधा कृष्ण मंदिर कर्नाटक में किया जाएगा भेंट**

# उदयपुर में बना दुनिया का सबसे छोटा श्री कृष्ण का झूला

बेधड़क | उदयपुर

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर उदयपुर के स्वर्ण शिल्पी 100 से अधिक विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉ. इकबाल सक्का ने विश्व के सबसे बड़े राधा कृष्ण मंदिर कर्नाटक में भेंट करने के लिए विश्व का सबसे छोटा सोने का श्री कृष्ण झूला बनाया है। इस झूले को एक साथ दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया गया है।

झूले को USA वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक और ट्रंप वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया गया है। 3X3 एमएम साइज के सोने के श्री कृष्ण झुले को आम झूले की तरह डोरी से झुलाया जा सकता है। इस सोने के झुले का वजन 200 मिली ग्राम है। विश्व के सबसे छोटे श्री कृष्ण झुले को बनाने में 12 घंटे का समय लगा है। विश्व रिकॉर्ड होल्डर डॉ. इकबाल सक्का ने यह बना कर सांप्रदायिक सौहार्द का परिचय दिया है।

### 1991 से बना रहे हैं विश्व रिकॉर्ड

डॉ. इकबाल सक्का ने बताया कि विश्व में सबसे बड़ा राधा कृष्ण मंदिर कर्नाटक राज्य के बैंगलोर में है। वहां पर श्री कृष्ण झूले को भेंट करेंगे। इसके लिए उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री और राधा श्री कृष्ण मंदिर के ट्रस्ट को पत्र भी लिखा है। सक्का भारत के एक मात्र ऐसे कलाकार है जिन्होंने दुनिया के विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम वर्ष 1991 से रिकॉर्ड बनाना शुरू किया है, जो अब तक अनवरत जारी है।




### बना चुके हैं कई कलाकृतियां

डॉ. इकबाल सक्का द्वारा समय-समय पर धार्मिक उत्सवों, त्योहार पर अलग- अलग तरह की सूक्ष्म कृतियां बनाते हैं। इससे पहले वो दुनिया के सबसे छोटे शिवलिंग और ताजिये बना चुके हैं, वहीं उन्होंने टी-20 विश्व कप, फीफा वर्डकप, हॉकी वर्ल्डकप की ट्रॉफियों की सूक्ष्म कलाकृतियां बनाई हैं।

### डॉ. इकबाल सक्का खोलना चाहते हैं सूक्ष्म कलाकृतियों का संग्रहालय

डॉ. इकबाल सक्का अपनी सूक्ष्म कलाकृतियों का एक संग्रहालय भी खोलना चाहते हैं, जिससे आम जनता और उदयपुर में आने वाले देसी और विदेशी पर्यटक इनकी कलाकृतियों को देख सकें। सक्का की सूक्ष्म कलाकृतियां अनूठी हैं। इन्होंने फुटबॉल का मैदान, क्रिकेट का मैदान, सूक्ष्म बैट-बॉल, शतरंज का पूरा सेट, ॐ, क्रॉस, खड्ग, अल्हा, आदि भी बनाए हैं। हॉल ही में इनके द्वारा रामलाल की पादुकाएं भी सूक्ष्म बनाई है। इन सभी कलाकृतियों को आमजन के देखने के लिए रखना चाहते हैं। इसके लिए सक्का अपनी ओर से प्रयासरत हैं।

---

**दो दिवसीय दौरे पर उदयपुर आईं केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण**

# ‘बैंकिंग पहुंच बढ़ाकर विकसित भारत संकल्प को करें साकार’

बेधड़क | उदयपुर

केंद्रीय वित्त एवं सहकारिता मामलात मंत्री निर्मला सीतारमण दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को उदयपुर पहुंची। उनके साथ भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी भी थे। वे सुबह 11:20 बजे डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर उतरे, जहां पर प्रशासनिक एवं बैंकिंग अधिकारियों ने अगवानी की। वहां से वे पिछोला स्थित होटल लीला पैलेस पहुंचीं। वित्त मंत्री ने वहां पश्चिम व मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक ली, वहीं दोपहर बाद एयरपोर्ट रोड स्थित स्मॉल इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बैंक कार्यालय का निरीक्षण किया।

होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में पश्चिम-मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के चेयरमैन और उनके प्रायोजित बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बैंकिंग क्षेत्र में आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने पर चर्चा की गई। बैंकों की पिछले वित्तीय वर्ष की वार्षिक कार्ययोजना एवं प्रगति की समीक्षा की गई।




केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकिंग पहुंच बढ़ाते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभ देने के लिए बैंक के सभी अधिकारी समन्वय से कार्य करें। बैठक में वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव एम नागराजू, अपर सचिव एमपी तंगीराला सहित नाबार्ड के चेयरमैन के बी शॉ, आरबीआई के कार्यपालक निदेशक जयंत कुमार दास, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी देवदत्त चांद, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक निधू सक्सेना, भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने अपने-अपने बैंकों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही बैंकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

### आज श्रीनाथजी का करेंगी दर्शन

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन शुक्रवार को वित्तमंत्री सबसे पहले नाथद्वारा पहुंचकर श्रीनाथजी का दर्शन करेंगी। उसके बाद सुबह 11 बजकर 15 मिनट पर हिरण मगरी सेक्टर 14 में जीएसटी भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगी। वहां से दोपहर 1:45 बजे रवाना होकर 2:30 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगी और 3 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

---

**काले हिरण शिकार मामले में धरना समाप्त**

## 33 घंटे बाद खुला नेशनल हाईवे 62 पर लगा जाम

■ DFO और वन रेंजर के खिलाफ एक्शन

बेधड़क | श्रीगंगानगर

जिले में काले हिरण के शिकार मामले को लेकर प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच सहमति बन गई और उसके बाद धरना समाप्त हो गया।

डीएफओ को एपीओ और वन रेंजर को सस्पेंड किए जाने के लिखित आदेश मिलने के बाद नेशनल हाईवे 62 पर जारी जाम भी खुल गया। जिला कलेक्टर लोकबंधु और एसपी गौरव यादव ने इस पूरे मामले में वार्ता का नेतृत्व किया। राष्ट्रीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया, संघर्ष समिति के सदस्यों और प्रशासन के बीच हुई कई दौर की बातचीत के बाद बुधवार देर रात करीब 1 बजे सहमति बनी। डीएफओ दलीप सिंह को एपीओ और रेंजर वेद प्रकाश को सस्पेंड करने की मांग को प्रशासन ने स्वीकार किया। वार्ता के दौरान प्रशासन और संघर्ष समिति के बीच कुछ देर के लिए गतिरोध बना रहा, लेकिन बाद में प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया और 33 घंटे से अधिक समय से जाम हाईवे को खोल दिया गया।



### प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नहीं होगा मामला दर्ज

काले हिरण के शिकार के मामले को लेकर प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन बात नहीं बनी। इस पर राष्ट्रीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया ने आंदोलन को और तेज करने और पूरे प्रदेश में फैलाने की घोषणा कर दी, जिसके बाद प्रशासन ने इस मामले में वार्ता की और इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। राष्ट्रीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया ने इस फैसले को वन्यजीव प्रेमियों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि डीएफओ और वन रेंजर के खिलाफ अब परिवाद भी दिया जाएगा। इसके अलावा धरने में शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं करने की भी सहमति बनी।

---

**बीकानेर दौरे पर केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री**

## जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार है शिक्षा: अर्जुनराम

बेधड़क | बीकानेर

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने गुरुवार को रोड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवीन कक्षा-कक्षों, लाइब्रेरी और आंगनबाड़ी केंद्र भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा गांव के लिए भेंट की गई एंबुलेंस की चाबी संबंधित कार्मिकों को सौंपी तथा स्कूल के दिवंगत संविदा शिक्षक के परिजनों को स्कूल स्टाफ द्वारा एकत्रित 1 लाख 13 हजार रुपए भेंट किए। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि शिक्षा, जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार है। हमें बच्चों को शिक्षा के अधिक से अधिक अवसर देने चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा के लिए बुनियादी तंत्र के विकास के प्रति संकल्पबद्ध है। शिक्षक भी अपनी भूमिका समझते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया करवाएं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने रोड़ा के दो विद्यालयों के लिए स्मार्ट बोर्ड उपलब्ध करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा खेल मैदान के लिए भूमि आवंटित करवाई जाए, जिससे यहां स्तरीय खेल मैदान का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि स्कूल में संस्कृत विषय सहित कॉमर्स एवं विज्ञान संकाय खुलवाने के लिए उच्च स्तर पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने ग्राम पंचायात द्वारा उपलब्ध करवाई गई एंबुलेंस का फीता खोलकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधाएं और अधिक सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी।



---

**रेनवाल में नम आंखों से शहीद बलवीर को बेटे ने दी मुखाग्नि**

## शहीद की अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब

बेधड़क | जयपुर

जिले के रेनवाल क्षेत्र के बीएसएफ जवान बलवीर सिंह मीणा छत्तीसगढ़ में ड्यूटी के दौरान करंट लगने से शहीद हो गए। गुरुवार को पैतृक गांव अभयपुरा में सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शहीद के बेटे चेतन सिंह ने पिता को मुखाग्नि दी। बीएसएफ के जवान शहीद बलबीर का पार्थिव देह लेकर पैतृक गांव पहुंचे, जहां जगह-जगह लोगों ने शहीद को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद का सैन्य सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। दूर दराज से आए लोगों ने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। रेनवाल थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में बीएसएफ की 178वीं यूनिट में तैनात बलवीर सिंह मीणा की ड्यूटी के दौरान करंट लगने से मौत हो गई थी। उन्हें शहीद का दर्जा दिया गया। जवान की मौत की खबर से गांव में सन्नाटा पसर गया। गुरुवार को बाजार पूर्ण रूप से बंद रहे।



### पुष्प बरसाकर दी श्रद्धांजलि

शहीद बलबीर सिंह का शव रेनवाल क्षेत्र में पहुंचने पर लोगों ने बीएसएफ के वाहनों पर पुष्प बरसाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही ‘भारत माता की जय’, ‘शहीद जवान बलबीर सिंह मीणा अमर रहे’ के नारे लगाए। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को गांव अभयपुरा ले जाया गया। शहीद का पार्थिव शरीर देख उनकी पत्नी, बेटा-बेटी और परिजन बिलख उठे। इसे देख ग्रामीणों की आंखें नम हो गई। इस दौरान फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी, उपखंड अधिकारी अभिमन्यु सिंह कुंतल, तहसीलदार ममता यादव, जोबनेर पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र सिंह, पटवारी, गिरदावर सहित हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

---

**सावन के बाद भादो मास में एक दिन में साढ़े तीन इंच बरसात**

# अजमेर में जमकर बरसे मेघ, आनासागर झील ओवरफ्लो...सड़कों पर पानी

बेधड़क | अजमेर


जिले में बुधवार शाम से अभी तक साढ़े तीन इंच बारिश हो चुकी है। अजमेर में आना सागर झील बारिश के पानी से लबालब हो चुकी है। अपना दायरा भी लांघ चुकी है।

क्रिश्चियन गंज सड़क पर आनासागर झील का पानी भर गया है। हालांकि, झील के तीन चैनल गेट जल संसाधन विभाग ने खोल रखें है, लेकिन बांडी नदी का पानी भी लगातार आना सागर झील में आ रहा है। बारिश से कई निचली बस्तियों और सड़कों पर पानी भर गया है।

जलसंसाधन विभाग में अधिशासी अभियंता सत्येंद्र मीणा ने बताया कि आनासागर झील का जल स्तर कम करने के लिए बुधवार को तीन चैनल गेट खोले गए हैं। इससे पहले लगातार दो माह तक झील का पानी चैनल गेट खोलकर निकाला गया था।

सावन में हुई अच्छी बारिश और झील के निकले जा रहे पानी ने खानपुरा का तालाब लबालब होने से आसपास के रिहायशी क्षेत्र में जलभराव होने की आशंका से झील के चैनल गेट बंद रखे गए थे।

मीणा ने बताया कि आनासागर झील का पानी किशनगंज की ओर सड़क पर आ गया है। लगातार निकल रहे पानी से झील का जल स्तर कम होगा। झील की भराव क्षमता 13 फीट है। फिलहाल 14 फिट के ऊपर झील में पानी है।



### मौसम विभाग का चार दिन का अलर्ट

अजमेर समेत कई जिलों में मौसम विभाग की ओर से बारिश को लेकर चार दिन के लिए अलर्ट जारी किया गया है। अजमेर में विगत 8 दिन बाद बारिश बुधवार शाम से शुरू हुई है। यहां सुबह 10 बजे तक साढ़े 3 इंच बारिश हो चुकी है। यूं कहें कि भादो माह की यह पहली बारिश अजमेर में हुई है, जबकि सावन माह में हुई बारिश ने इस बार ज्यादातर बांध और तालाबों को भर दिया। भादो माह की शुरुआत में हुई बारिश से किसानों को फायदा है, लेकिन अतिवृष्टि की आशंका से किसान भी चिंतित है।

### बांध-तालाब और झीले लबालब

मौसम विभाग से मिले अलर्ट के बाद प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ चुका है। बांध, तालाब, रपट और नाड़ियों के नजदीक नहीं जाने के लिए लोगों को कहा जा रहा है। फॉयसागर झील, पुष्कर झील, गोविंदगढ़ बांध और आनासागर झील, किशनगढ़ में गोंदेलावं झील लबालब हो चुके हैं, बल्कि इनसे ओवर फुल पानी बाहर जा रहा है। इसी तरह जिले में 2 दर्जन के लगभग बांध तालाबों में जलस्तर बेहतर बना हुआ है। फिलहाल बारिश से किसी भी तरह के नुकसान की खबर जिले के किसी हिस्से से नहीं आई है।

### राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के पदाधिकारियों ने सरकार के सामने रखी मांगें

# 'शिक्षक कोई रोबोट नहीं, जिसे यांत्रिक ढंग से हांक सके'

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने शिक्षा विभाग के क्रियाकलापों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। संगठन की ओर से कहा गया कि शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी तथा राजनैतिक नेतृत्व जिस प्रकार से निरंतर नए-नए निर्देश और वक्तव्य जारी कर रहे हैं। उससे शिक्षा विभाग, विद्यालय तथा शिक्षक उपहास के केंद्र बन गए हैं और शिक्षकों की गरिमा को लगातार ठेस पहुंचाई जा रही है। शिक्षा विभाग को नकारात्मक कदमों की प्रयोगशाला बना दिया है। जिस प्रकार से और जैसे गैर शैक्षिक कार्य शिक्षकों पर थोपे जा रहे हैं, वह शिक्षकों की गरिमा को तार-तार कर रहे हैं।

विभाग और सरकार को यह समझना चाहिए कि शिक्षा कोई यांत्रिक कार्य नहीं है और शिक्षक भी रोबोट नहीं है। शिक्षा के केंद्र में जो बालक है, वह सबसे मासूम और बहुत संवेदनशील है। वह कोई वस्तु या मशीन नहीं है जिसे यांत्रिक ढंग से हांका जा सके। बालक के शिक्षण के लिए आवश्यक है कि शिक्षक पूर्ण आत्मसम्मान, धैर्य, एकाग्रता तथा गरिमा के साथ पर्याप्त समय देकर शिक्षण कार्य कर सके। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक को समस्त गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। शिक्षण दक्षता आधारित कार्य है। वर्तमान में शिक्षा विभाग में समस्त शैक्षिक अधिकारियों को किनारे कर दिया गया है और अशैक्षिक प्रशासनिक अधिकारी विभाग को गर्त में धकेल रहे हैं।



#### स्थानांतरण के मुद्दे पर होता है छलावा, सरकार के रवैये से निराशा

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने अध्यापकों के स्थानांतरण की मांग को गंभीरता से लेते हुए न्यायोचित समाधान करने की मांग सरकार से की है। वर्षों से विभाग तथा सरकार का प्रशासनिक एवं राजनीतिक नेतृत्व अध्यापकों के स्थानांतरण के मुद्दे पर छलावा करता आया है। राज्य के शिक्षकों में निरंतर चले आ रहे सरकार के इस रवैये से बहुत निराशा है। सरकार को यह समझना चाहिए कि जब निराशा आक्रोश में बदलती है तो खामियाजा सरकार को भी भुगतना पड़ता है। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने सरकार को चेताया है कि अध्यापकों के स्थानांतरण की न्यायोचित एवं पारदर्शी प्रक्रिया शुरू करें अन्यथा शिक्षक संघ (शेखावत) राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर हो जाएगा और सरकार को शिक्षकों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने राज्य के शिक्षकों से भी व्यापक, दीर्घकालिक और निर्णायक आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है।

#### चिकित्सा विभाग से ही होना चाहिए स्वास्थ्य परीक्षण

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने सरकार को आगाह किया है कि तमाम तरह के गैर शैक्षिक कार्यों से शिक्षक को मुक्त करें, मोबाइल पर सूचनाओं के आदान-प्रदान और समस्त प्रकार के कार्यों पर पूर्ण रोक लगाई जाए। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने छात्रों के विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के सरकार के निर्णय की प्रशंसा और स्वागत करते हुए स्पष्ट किया है कि शिक्षक चिकित्सकीय कार्य में दक्ष नहीं है और यह शिक्षक का काम भी नहीं है। इसलिए शिक्षकों पर इस कार्य को थोपने के बजाय पूर्व की भांति चिकित्सा विभाग से इस कार्य को करवाया जाए।

#### नहीं करेंगे शिक्षक गैर शैक्षिक कार्य

शिक्षक संघ (शेखावत) ने शिक्षकों से इन गैर शैक्षिक कार्यों को नहीं करने की अपील करते हुए कहा है कि शिक्षकों की ओर से गैर शैक्षिक कार्य करना शिक्षा अधिकार कानून का उल्लंघन है, और रोजगार सृजन पर कुठाराघात है। शिक्षक ना तो अन्याय कर सकते हैं और ना ही रोजगार कटौती के पाप में भागीदार हो सकते है। इसलिए गैर शैक्षिक कार्यों को "ना" कहने का विकल्प ही शिक्षक के पास है। । इसलिए शिक्षक गैर शैक्षिक कार्य नहीं करेंगे और विद्यालयों में मोबाइल का उपयोग भी नहीं करेंगे।

## Yuva स्टोरीज

### पोषण दिवस पर लगाए टीके, किया जागरूक



**बेधड़क** | जयपुर

मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर गुरूवार को जिले में चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि जिले में प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को टीके लगाए गए। उन्होंने बताया कि सत्रों में गर्भवती महिलाओं और परिजनों को पर्याप्त व उचित पोषण के विषय में जानकारी दी गई और नियमित रूप से पोषणयुक्त खानपान लेने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मौसमी बीमारियों की रोकथाम के बारे में बताया गया। टीकाकरण सत्रों की जिला एवं ब्लॉक स्तर से प्रभावी मॉनिटरिंग की गई।

### नाटक से समझाई कॉलेज की आचार संहिता

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में सभी संकायों की प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा एनईपी 2020 के तहत छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में अनेक नए स्किल एन्हेंशमेंट कोर्सेस शुरू किए गए हैं। सभी छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्होंने महाविद्यालय में संचालित नारिका इनक्यूबेशन सेंटर का उदाहरण दिया और छात्राओं को अधिकाधिक स्किल्स सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिकायत निवारण, रैगिंग विरोधी और आंतरिक परिवाद प्रकोष्ठ की जानकारी दी एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए महाविद्यालय में संचालित विभिन्न क्लब्स और सेंटर्स के उद्देश्य से छात्राओं को अवगत करवाया और इनके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नाट्यम क्लब की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालय की आचार संहिता को समझाया। अंत में उप-प्राचार्य डॉ. मनीषा माथुर ने उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए छात्राओं का धन्यवाद दिया और सजग रहकर अपने छात्र जीवन को सफल बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में युवा पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से पौधे भेंट कर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी दी गई। इस आयोजन में लगभग 550 छात्राओं ने भाग लिया।

### GDS का रिजल्ट जारी, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर का रोका

**नई दिल्ली**। इंडिया पोस्ट ने ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) परीक्षा 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इंडिया पोस्ट ने सभी सर्कलों के रिजल्ट जारी कर दिया है लेकिन लिस्ट में हरियाणा और जम्मू कश्मीर शामिल नहीं है।

इंडिया पोस्ट ने सबसे पहले इन सर्कल आंध्र प्रदेश, असम, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल सर्कल का रिजल्ट जारी किया था। रिजल्ट चेक करने के लिए उम्मीदवारों को ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा। इसके अलावा मेरिट लिस्ट चेक करने के लिए उम्मीदवार दूसरी वेबसाइट अभी हाल ही में चुनावों की घोषणा के बाद हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में आदर्श आचार संहिता के कारण ग्रामीण डाक सेवक रिजल्ट 2024 को जारी नहीं किया गया है। इन दोनों राज्यों में रिजल्ट चुनावों के बाद जारी होने की संभावना है।

### CISF ने निकाली भर्ती, 30 अगस्त से आवेदन शुरू

# 1130 पदों पर कांस्टेबल फायरमैन भर्ती का मौका

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सीआईएसएफ (केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) ने कांस्टेबल फायरमैन के 1130 पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 30 अगस्त से शुरू होगी। इच्छुक उम्मीदवार संबंधित वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।

आवेदन करने की लास्ट डेट 30 सितंबर तय की गई है। रिक्त पदों में 466 पद जनरल कैटेगरी के हैं। वहीं 114 ईडब्ल्यूएस, 153 एससी, 161 एसटी और 236 ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित रखे गए हैं। जल्द ही इस भर्ती का विस्तृत नोटिफिकेशन सीआईएसएफ की आधिकारिक वेबसाइट पर दिखने लगेगा।

जानकारी के अनुसार इस भर्ती के लिए परीक्षा की तिथि बाद में जारी होगी। आवेदकों को ध्यान रखना होगा कि फीस भुगतान की अंतिम तिथि भी 30 सितंबर ही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 18 वर्ष से 23 वर्ष तक के युवा इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे। आयु की गणना 30 सितंबर से की जाएगी। एससी व एसटी वर्ग को अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष और ओबीसी को तीन वर्ष की छूट मिलेगी।




#### चयन प्रक्रिया

- फिजिकल टेस्ट, लिखित परीक्षा, मेडिकल व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन।
- पीईटी, पीएसटी, लिखित परीक्षा के पूरे होने के बाद लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर राज्य वाइज अलग अलग मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी।
- जनरल, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 100 रुपये आवेदन फीस देनी होगी जबकि एससी, एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कोई फीस नहीं है।
- लिखित परीक्षा में न्यूनतम पासिंग मार्क्स
- अनारक्षित, ईडब्ल्यूएस के लिए - 35 फीसदी
- एससी, एसटी, ओबीसी - 33 फीसदी

### 19 सितंबर तक होंगे आवेदन, 10 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए उम्र

## राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आरएमएस) ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मिलिट्री स्कूल में कक्षा 6 और 9 में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र आरएमएस की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

शेड्यूल के अनुसार, छात्र आरएमएस कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के के लिए आगामी 19 सितंबर तक पंजीकरण कर सकेंगे। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षा की तारीखें आधिकारिक वेबसाइट पर उचित समय पर घोषित की जाएंगी। जिन उम्मीदवारों का चयन प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार में उनके कुल अंकों के आधार पर किया जाएगा, उन्हें सीटों की उपलब्धता, चिकित्सा फिटनेस और विभिन्न श्रेणियों के लिए स्थापित आरक्षण नीतियों के आधार पर राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा।




#### ये है पात्रता मानदंड

आरएमएस कक्षा 6 में प्रवेश के लिए, उम्मीदवारों (लड़के और लड़कियों दोनों) की आयु प्रवेश वर्ष के 31 मार्च तक 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसी तरह, कक्षा 9 में प्रवेश के लिए, उम्मीदवारों की आयु 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए। दोनों कक्षाओं में प्रवेश सीटों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी प्रवेश लेने वाले छात्रों को स्कूल में बोर्डिंग करना आवश्यक है।

### संस्कृत शिक्षा विभाग की परीक्षा

## 8 से 19 सितंबर तक आयोजित होगी सहायक प्रोफेसर परीक्षा




**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 8 से 19 सितंबर तक किया जाना प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि संस्कृत शिक्षा विभाग में 15 विषयों के कुल 200 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन 12 जनवरी को जारी किया गया था। इस परीक्षा के तहत सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्र-तृतीय की परीक्षा का आयोजन 8 सितंबर को सुबह 11 से 1 बजे तक किया जाना प्रस्तावित किया गया है। ऐच्छिक विषयों के प्रश्न पत्र - प्रथम एवं द्वितीय परीक्षाओं का आयोजन सुबह 9 से 12 तथा दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक निम्नानुसार किया जाना प्रस्तावित है।

इनमें विषय हिन्दी तथा सामान्य दर्शन 9 सितंबर को, साहित्य, ज्योतिष एवं ऋगवेद 10 सितंबर को, राजनीति विज्ञान 11 सितंबर को, इतिहास तथा धर्मशास्त्र- 12 सितंबर को, इंग्लिश तथा ज्योतिष फलित 14 सितंबर को, सामान्य संस्कृत 15 सितंबर को, व्याकरण 17 सितंबर को, भाषा विज्ञान 18 सितंबर को, योग विज्ञान तथा यजुर्वेद 19 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर होगी विभिन्न खेल गतिविधियां

सीकर। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर के निर्देशों की पालना में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में आम जनता की खेलों में भागीदारी बढ़ाने एवं देश में खेल व फिट्नस क्ल्चर स्थापित करने के लिए जिले में 26 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल गतिविधिया आयोजित की जायेगी। जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि खो—खो प्रतियोगिता 26 अगस्त को रींगस में दोपहर एक बजे, बास्केटबाल 27 अगस्त 2024 भारतीय स्कूल सीकर में सुबह 8 बजे, वॉलीबाल 28 अगस्त पिपराली में शाम 4 बजे, हॉकी 29 अगस्त बावडी में सुबह 8 बजे, फुटबॉल 30 अगस्त को कोलीडा शाम 4 बजे, वॉकरेस 31 अगस्त को सीकर में शाम 6 बजे आयोजित की जाएगी।

### मेडिकल एडमिशन | सेंट्रल कोटे की जारी होनी है सीटें

# नीट यूजी: आज जारी हो सकती है सीट एलॉटमेंट लिस्ट

**बेधड़क** | कोटा

नीट यूजी के परिणाम के आधार पर ऑल इंडिया 15 फीसदी कोटा एमबीबीएस-बीडीएस काउंसलिंग के राउंड-1 के सीट आवंटन का शुक्रवार को आना तय है। सीट आवंटन के परिणाम जारी किए जाने की तिथि को लेकर कैंडिडेट व अभिभावकों में संशय की स्थिति बनी हुई है। क्योंकि अंतिम समय पर चॉइस फिलिंग की डेट बढ़ा दी गई थी। ऐसे में बढ़ी हुई तारीख के अनुसार गुरुवार रात तक कैंडिडेट 24 चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। इसमें वे कैंडिडेट भी लाभ ले सकते हैं, जिन्होंने पहले से चॉइस भर कर दी थी, वह भी अपनी चॉइस में बदलाव कर सकते हैं। एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि संशय की स्थिति उत्पन्न होने का कारण यह है कि एमसीसी ने चॉइस फिलिंग व लॉकिंग की तारीख दो बार बढ़ा दी। मूल नोटिफिकेशन में चॉइस फिलिंग व लॉकिंग की अंतिम तारीख 20 अगस्त थी, इससे पहली बार 21 अगस्त किया गया। बाद में 22 अगस्त को जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार चॉइस फिलिंग व लॉकिंग की अंतिम तारीख 22 अगस्त रात 11:59 बजे तक बढ़ाई गई। ऐसी स्थिति में सीट आवंटन का परिणाम जारी किए जाने में देरी संभावना है।



#### स्टेट काउंसलिंग में भी चॉइस फिलिंग बढ़ाने की रखी थी मांग

एक्सपर्ट के अनुसार एमसीसी के जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार ईएसआईसी, ओसीआई कैटिगरी के कैंडिडेट व स्टेट काउंसलिंग अथॉरिटीज की चॉइस फिलिंग व लॉकिंग की अंतिम तारीख बढ़ाए जाने का आग्रह किया गया था। हालांकि फिलहाल काउंसलिंग शेड्यूल के अनुसार के 24 से 29 अगस्त तक कैंडिडेट्स को रिपोर्टिंग और जॉइनिंग का समय दिया गया है।

### एनबीईएमएस जल्द जारी करेगा नीट पीजी का रिजल्ट

**नई दिल्ली**। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) जल्द ही नीट पीजी परीक्षा का रिजल्ट घोषित करेगा। बोर्ड उम्मीदवारों के अंकों के साथ व्यक्तिगत स्कोरकार्ड भी जारी करेगा। परीक्षा 11 अगस्त को लगभग 2,28,540 उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी। परीक्षा देश भर के 170 शहरों में 416 स्थानों पर दो पालियों में आयोजित की गई थी। आमतौर पर, एनबीईएमएस पहले समग्र परिणाम प्रकाशित करता है, उसके कुछ दिनों बाद व्यक्तिगत स्कोरकार्ड जारी करता है।

# जल ही जीवन है, इसका संरक्षण जरूरी



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अक्सर ही पानी अर्थात पेयजल की कमी, जल संरक्षण आदि की खबरें विभिन्न समाचार माध्यमों की सुर्खियां बनती रहती हैं। संरक्षण का अर्थ है- सावधानी पूर्वक, मितव्ययता के साथ सदुपयोग करना। पृथ्वी पर बहुत जल है, फिर भी पीने योग्य जल की कमी होती जा रही है। इसलिए लोगों को जल के न्यायसंगत सदुपयोग के लिए जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस तथा अगस्त के अंतिम सप्ताह में विश्व जल सप्ताह का आयोजन किया जाता है। विश्व जल सप्ताह में विविध आयोजनों के माध्यम से इस बात के लिए लोगों को प्रेरित किया जाता है कि पेयजल के संरक्षण का अथक प्रयास करते हुए कम से कम जल से काम चलाने तथा व्यर्थ में जल को बर्बाद न करने के प्रति सतर्क रहना चाहिए। कृषि की सिंचाई के लिए अधिक जल की आवश्यकता होती है। इसलिए सिंचाई के क्षेत्र में भी अपनी पारंपरिक विधियों, जैसे तालाबों आदि में जल एकत्रित कर उसका उपयोग करना श्रेयस्कर होगा। भारत में प्राचीन काल से ही जल संरक्षण पर बहुत जोर दिया गया है।

वेदों में भी जल की महिमा, आवश्यकता उपयोगिता व जल संरक्षण पर विस्तृत वर्णन अंकित हैं। ऋग्वेद 8/18/16 में प्रार्थना करते हुए कहा गया है कि हम सब बादलों अर्थात मेघों के जल तथा दूसरी प्रकार के जलों के सुख को प्राप्त करते हैं। हे द्यावा और भूमि देव! हमसे इसके प्रति बुरे कर्मों से दूर रखें। प्राचीन भारतीय संस्कृति में जल को जीवन माना गया है- जलमेव जीवनम्। वेद में जल के स्रोतों, जल का समस्त प्राणियों के लिए महत्व, जल की गुणवत्ता तथा उसके संरक्षण के संबंध में विस्तृत वर्णन अंकित है। वेद में जल को औषधीय गुणयुक्त कहा गया है। चरक संहिता के साथ ही अन्य संहिता ग्रंथों में भी भूजल की गुणवत्ता पर वर्णन प्राप्य हैं। प्राचीन भारतीय संस्कृति में ब्रह्मांड में उपलब्ध सभी प्रकार के जल का सरंक्षण करने पर जोर दिया गया है। नदियों के जल को सर्वाधिक संरक्षणीय माना गया है, क्योंकि वे कृषि क्षेत्रों को सींचती है, जिससे प्राणिमात्र का जीवन संचालित होता है। नदियों का बहता जल शुद्ध माना गया है। इसलिए नदियों को प्रदूषण से बचाना चाहिए। अथर्ववेद में सप्तसैन्धव नदियों- सिन्धु, विपाशा (व्यास), शतुद्रि (सतलज), वितस्ता (झेलम), असिक्को (चेन्नब) और सरस्वती नदी का उल्लेख किया गया है। ऋग्वेद 7/50/4 में इन नदियों को माता के समान सम्मान देते हुए कहा गया है कि नदियां जल का वहन करती हुई, सभी प्राणिमात्र को तृप्त करती हैं। भोजनादि प्रदान करती हैं। आनन्द को बढ़ाने वाली तथा अन्नादि वनस्पति से प्रेम करने वाली हैं। जल संरक्षण पर बल देते हुए ऋग्वेद 10/17/10 में कहा गया है कि जल हमारी माता जैसी है। जल घृत के समान हमें शक्तिशाली और उत्तम बनाए। इस तरह के जल जिस रूप में जहां कहीं भी हो वे रक्षा करने योग्य हैं।

> *"प्राचीन भारतीय संस्कृति में ब्रह्मांड में उपलब्ध सभी प्रकार के जल का सरंक्षण करने पर जोर दिया गया है। नदियों के जल को सर्वाधिक संरक्षणीय माना गया है, क्योंकि वे कृषि क्षेत्रों को सींचती है, जिससे प्राणिमात्र का जीवन संचालित होता है। नदियों का बहता जल शुद्ध माना गया है। इसलिए नदियों को प्रदूषण से बचाना चाहिए।"*

जल संरक्षण से संबंधित अथर्ववेद 19/1/4 में वर्षा जल तथा बहते हुए जल के विषय में मनुष्यों को उपदेश देते हुए कहा है कि वर्षा जल तथा अन्य स्रोतों से निकलने वाला जल जैसे कुएं, बावड़ियां आदि तथा फैले हुए जल तालाबादि के जल में बहुत पोषण होता है। इस प्रकार के पोषक युक्त जल का प्रयोग करके वेगवान और शक्तिमान बनना चाहिए। वर्षा के जल को संरक्षित करना चाहिए, क्योंकि यह सर्वाधिक शुद्ध जल होता है। अथर्ववेद 1/6/4 में कहा गया है कि-वर्षा का जल हमारे लिए कल्याणकारी है- शिवा नः सन्तु वार्षिकीः। इसलिए जल को प्रदूषित होने से बचाना चाहिए। जल को प्रदूषित न करें। यजुर्वेद 6/22 में कहा गया है कि जल को नष्ट मत करो। यह अमूल्य निधि है- मा आपो हिंसी। वेदों में जल को अत्यधिक महत्व देते हुए उसके सभी प्रकारों को चिह्नित किया गया है, ताकि जल संरक्षण कर सकें। अथर्ववेद 19/2/1-2 में नौ प्रकार के जलों का उल्लेख किया गया है-

**परिचरा आपः** (प्राकतिक झरनों से बहने वाला जल), हेमवती आपः (हिमयुक्त पर्वतों से बहने वाला जल), वर्ष्या आपः (वर्षा जल), सनिष्यदा आपः (तेज गति से बहता हुआ जल), अनूप्या आपः (अनूप देश का जल अर्थात ऐसे प्रदेश का जल जहां पर दलदल अधिक हो), धन्वन्या आपः (मरुभूमि का जल), कुम्भेभिरावृता आपः (घडों में स्थित जल), अनभ्रयः आपः (किसी यंत्र से खोदकर निकाला गया जल, जैसे- कुएं का), उत्सया आपः – (स्रोत का जल, जैसे-तालाबादि का)।

वर्तमान में भी प्राचीन भारतीय जल ज्ञान परंपरा के संरक्षण के इस वैदिक संदेश को ग्रहण कर जल को संरक्षित करने का प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। वेद के अनुसार वर्षा के होने से जल में प्रवाह आता है और नदी के रूप में जल प्रवाह को प्राप्त करता है। प्रवाह युक्त जल को भारतीय संस्कृति में पवित्र माना गया है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में नदियों को माता के समान तथा पूजनीय माना गया है। नदियों की पवित्रता के संबंध में वेदों में कहा गया है कि पर्वत से निकल कर समुद्र तक प्रवाहित होने वाली नदी पवित्र होती है। इसलिए नदियों के अबाध प्रवाह को सरंक्षित किए जाने की आवश्यकता है। नदियों को स्वच्छंद रूप से बहने देना चाहिए। अथर्ववेद में मित्र तथा वरुण को वर्षा के देवता कहा गया है। मित्र तथा वरुण के मिलने से जल की उत्पत्ति होती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### एडीआर की रिपोर्ट पर आधारित

# लोकतंत्र के कंधे पर सवार हैं दागी



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मशहूर शायर दाग देहलवी का यह शेर सियासी दलों के ऐसे सभी तकरीरों और नेक-नियति को बेपर्दा करता है जो सैद्धांतिक तौर पर राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफ तो हैं लेकिन व्यवहारिक तौर पर दागियों के ही बगलगीर हैं। आज यह बगलगीरी और पैरोकारी सिर पर सवार नहीं होती तो लोकतंत्र के कंधे पर भी दागी सवार नहीं होते। इसे लेकर देश की अदालतों और जनमानस को चिंतित नहीं होना पड़ता और न ही संसद और विधानसभाओं में पहुंचकर दागियों की फौज जनतंत्र को मुंह चिढ़ाती।

*'करीने से अजब आरास्ता कातिल की महफिल है,*
*वो किस दावे से कहते हैं हमारा ही तो ये दिल है।'*



हाल ही में एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) द्वारा अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों ने अपने चुनावी हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की जानकारी दी है। इनमें 16 मौजूदा सांसद और 135 विधायक ऐसे हैं जिन्होंने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत बलात्कार से संबंधित मामलों की जानकारी दी है। ऐसे मामलों में दस साल की सजा का प्रावधान है और इसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। इन माननीयों में भाजपा के 54, कांग्रेस के 23, तेलुगु देशम के 17 सांसद-विधायकों के अलावा कई अन्य दलों के भी माननीयगण शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 25 सांसदों और विधायकों के साथ पश्चिम बंगाल शीर्ष पर है। अर्थात राज्य के तौर पर सर्वाधिक दागी इसी राज्य से हैं। उल्लेखनीय है कि चुनाव सुधार के लिए काम करने वाली संस्था एडीआर ने 2019 और 2024 के बीच चुनावों के दौरान निर्वाचन आयोग को सौंपे गए मौजूदा सांसदों और विधायकों के 4809 हलफनामों में से 4693 की जांच की जिसमें यह तथ्य सामने आया है। यह बिडंबना देखिए कि दागी जनप्रतिनिधियों को लेकर सर्वोच्च अदालत लगातार चेतावनी दे रहा है इसके बावजूद भी संसद और विधानसभाओं में पहुंचने वाले दागी जनप्रतिनिधियों की संख्या में कमी नहीं आ रही। मतलब साफ है कि राजनीतिक दलों का ऐसे लोगों से परहेज नहीं है और न ही निर्वाचित करते समय जनता इसे तवज्जो दे रही है। यह स्थिति किसी भी संसदीय लोकतंत्र की जीवंतता के लिए भयावह और खतरनाक है। याद होगा गत वर्ष पहले सर्वोच्च अदालत ने पूर्व और मौजूदा सांसदों और विधायकों के खिलाफ उन लंबित आपराधिक मामलों का निपटारा दो महीने के दरम्यान करने को कहा था जिनके ट्रायल पर रोक लगी हुई थी। तब जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने दो टूक कहा था कि इस मामले में सुनवाई रोजाना हो और इसे बेवजह न टाला जाए। पीठ ने सभी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों को भी ताकीद किया था कि इन निर्देशों के पालन में किसी तरह की बाधा नहीं होनी चाहिए। वे इसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी निपटाएं। सर्वोच्च अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि अगर किसी मुकदमें में उच्च न्यायालय ने रोक लगा रखी हो तो उसे जल्द से जल्द हटाया जाए। अच्छी बात है कि देश की सभी अदालतें ऐसे मामलों में तेजी से सुनवाई करते हुए निर्णय सुना रही हैं। देखा भी जा रहा है कि तमाम माननीयों को संसद और विधानसभाओं की सदस्यता से हाथ धोना पड़ रहा है।

सदन की शोभा बढ़ाने वाले जेल की सलाखों के भीतर जा रहे हैं। दागियों को लेकर सर्वोच्च अदालत कितना गंभीर है वह इसी से समझा जा सकता है कि वह प्रधानमंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्रियों को भी ताकीद किया कर चुका है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले दागी लोगों को मंत्री पद न दिया जाए। क्योंकि इससे लोकतंत्र को क्षति पहुंचती है। सर्वोच्च अदालत यह भी कह चुका है कि भ्रष्टाचार देश का दुश्मन है और संविधान की संरक्षक की हैसियत से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को मंत्री नहीं चुनेंगे। लेकिन विडंबना है कि अदालत के इस नसीहत का सियासी दलों पर कोई खास असर पड़ता नहीं दिख रहा। इसका प्रमुख कारण है कि सर्वोच्च अदालत ने दागी सांसदों और विधायकों को मंत्री पद के अयोग्य मानने में सीधे हस्तक्षेप के बजाए इसकी नैतिक जिम्मेदारी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के विवेक पर छोड़ दिया है। उसने व्यवस्थापिका और कार्यपालिका में हस्तक्षेप करना उचित नहीं समझा। यहां ध्यान देना होगा कि दागी माननीयों को लेकर सर्वोच्च अदालत एक-दो बार नहीं बल्कि अनगिनत बार सख्त टिप्पणी कर चुका है। लेकिन हर बार देखा जाता है कि राजनीतिक दल अपने दागी जनप्रतिनिधियों को बचाने और उन्हें टिकट देने के लिए कुतर्क गढ़ते नजर आते हैं। याद होगा गत वर्ष पहले जब सर्वोच्च अदालत ने जनप्रतिनिधित्व कानून में संशोधन के जरिए दोषी सांसदों व विधायकों की सदस्यता समाप्त करने और जेल से चुनाव लड़ने पर रोक लगायी तो राजनीतिक दलों ने किस तरह बखेडा खड़ा किया। अक्सर राजनीतिक दलों द्वारा सार्वजनिक मंचों से मुनादी पीटा जाता है कि राजनीति का अपराधीकरण लोकतंत्र के लिए घातक है। वे इसके खिलाफ कड़ा कानून बनाने और चुनाव में दागियों को टिकट न देने की हामी भरते हैं। लेकिन जब उम्मीदवार घोषित करने का मौका आता है तो दागी ही उनकी पहली पसंद बनते हैं।

> *"अक्सर राजनीतिक दलों द्वारा सार्वजनिक मंचों से मुनादी पीटा जाता है कि राजनीति का अपराधीकरण लोकतंत्र के लिए घातक है। वे इसके खिलाफ कड़ा कानून बनाने और चुनाव में दागियों को टिकट न देने की हामी भरते हैं। लेकिन जब उम्मीदवार घोषित करने का मौका आता है तो दागी ही उनकी पहली पसंद बनते हैं।"*

याद होगा गत वर्ष पहले सर्वोच्च अदालत ने राजनीति में आपराधीकरण को रोकने के लिए आदेश दिया था कि उम्मीदवार कम से कम तीन बार अखबार और टीवी चैनल में प्रचार कर अपनी अपराधिक पृष्ठभूमि को सामने लाएं। न्यायालय के आदेश के बाद चुनाव आयोग ने इस बारे में एक अधिसूचना भी जारी की। लेकिन राजनीति का अपराधीकरण नहीं रुका। देखा जाता है कि उम्मीदवार किसी भी छोटे-छोटे अखबार में ब्यौरा देकर खानापूर्ति करने में सफल रहते हैं और यह जनता के संज्ञान में नहीं आता है। यही नहीं वे टीवी चैनलों में समय तय न होने के कारण देर रात इस बारे में प्रचार करते हैं और उसे जनता देख नहीं पाती है। नतीजा दागियों का असली चेहरा जनता के सामने नहीं आता है। उसका नतीजा यह होता है कि भारतीय जनमानस में दागियों के साख को तनिक भी बट्टा नहीं लगता। मजेदार बात यह भी कि राजनीतिक दल भी इसे संज्ञान लेने में रुचि नहीं दिखाते हैं। उल्टे चुनावी समय में दागी उम्मीदवारों पर ही भरोसा जताते नजर आते हैं। दरअसल राजनीतिक दलों को विश्वास हो चुका है कि जो जितना बड़ा दागी है उसके चुनाव जीतने की उतनी ही बड़ी गारंटी है। गौर करें तो पिछले कुछ दशक में ऐसी राजनीतिक मनोवृत्ति को जबरदस्त बढ़ावा मिला है। लेकिन विचार करें तो इस स्थिति के लिए सिर्फ राजनीतिक दल और उनके नियंता ही जिम्मेदार नहीं हैं। बल्कि इसके लिए देश की जनता भी बराबर की गुनाहगार है।

देश की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तरक्की के लिए जितनी सत्यनिष्ठा व समर्पण राजनेताओं की होनी चाहिए उतना ही जनता की भी। लोकतंत्र में जनता ही संप्रभु होती है। समझना होगा कि दागियों को राजनीति से बाहर खदेड़ने की सिर्फ जिम्मेदारी राजनीतिक दलों के कंधे पर डालकर निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता। जनता की भी जिम्मेदारी है कि वह दागियों को चुनने के बजाए साफ-सुथरे लोगों को चुनें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### व्यंग्य

# मेहमान आ रहे हैं!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

मैंने अपने एक मित्र को फोन किया-'क्यों भाई क्या कर रहे हो?' मित्र ने बहुत अनमने मन से उत्तर दिया-'अरे यार, रेलवे स्टेशन जा रहा हूँ, मेहमान आ रहे हैं।' मैंने हंसकर कहा-'क्यों मजाक कर रहे हैं, यह नई सदी में मेहमनों का क्या लफड़ा है? अब कौन मेहमान बनना पसंद करता है और मेजबान भी नहीं रहे।' मित्र ने जवाब दिया-'मजाक नहीं कर रहा, आज वाकई मेहमान आ रहे हैं और वह भी तीन दिनों के लिए।' मैंने उससे पूछा-'अब क्या करोगे तुम?' मित्र एक पल चुप्पी साध गये और फिर बोले-'अब जो भी होगा, हो जायेगा। मेहमान भी बहुत नजदीक के हैं। टाला भी नहीं जा सकता।' लेकिन यार... यह तीन दिनों का टाइम कैसे निकाल लाए। अब तो मेहमान एक टाइम का होता है। यह तीन दिन तक उनकी सेवा में लगे रहना तो बड़ा मुश्किल है। यह तो बताओ उनकी संख्या कितनी है।' मैंने पूछा तो वे बोले-'पूरे परिवार सहित चारों सदस्य आ रहे हैं।'

मैंने कहा-'ठण्ड का वक्त है। रजाइयां तो है न घर में स्पेयर?' मित्र बोले-'नहीं हैं यार, लेकिन टैंट हाऊस से ले आया हूं।' 'और राशन पानी?' मैंने पूछा। वे बोले-'वह तो चिंता की बात नहीं है। सैलेरी परसों ही मिली है। पत्नी ने नाश्ते, लंच और डिनर का तीनों दिन का मैनू बना लिया है।'

मैंने कहा- 'भैया ध्यान रखना, अपने शहर में पर्यटन स्थल कई हैं। कहीं वे अपना प्रोग्राम न बदल दें। मेरा मतलब ठहरने की अवधि पांच दिनों में न बदल जाए।' मित्र ने बताया-'नहीं-नहीं, वह मैं दो दिनों में ही सलटा दूंगा ताकि तीसरे दिन तो वे खिसक ही लें। अच्छा मैं बाद में बात करूंगा। गाड़ी का टाइम हो गया है, अभी थ्री व्हीलर लेकर निकलता हूं।' मैंने कहा-'आमीन, भगवान तुम्हारा हौसला बनाए रखे।' यह कहकर फोन काट दिया। फोन तो काट दिया, लेकिन मैं डर गया। मैंने पत्नी से कहा-'जल्दी एक कप चाय बनाओ। थोड़ा मन डिप्रेस सा हो गया है।' पलक झपकते पत्नी चाय बनाकर ले आई। मैंने कहा-'बैठो, सुनो वर्मा जी के मेहमान आ रहे हैं।' मेरी बात पर वह हंसी और बोली-'आने दो न। उनके तो आने भी चाहिए, बड़े इतराते फिरते हैं। अब पता चलेगा कि तीन दिन तक कैसे पराए आदमी को भुगतना पड़ता है, लेकिन आप डिप्रेस क्यों हो रहे हैं? यह तो खुशी की बात है कि मेहमान वर्मा जी के आ रहे हैं। हमारे तो आने से रहे।' मैंने कहा-'वह तुम्हारे भाई-भाभी तो कह रहे थे अगले मंथ बैंगलौर से आने की।' पत्नी के चेहरे की रंगत एक पल को बदली और वह बोली-'अरे... वह तो घर के आदमी हैं। आ जाएं तो क्या फर्क पड़ता है और फिर वे अगले मंथ आएंगे। छोड़ो व्यर्थ की चिंता। चाय ठंडी हो रही है।' 'चाय क्या, मैं तो अभी से ठंडा हो रहा हूं। वर्मा जी ने बिस्तर टैंट हाऊस से मंगवाए हैं, अपने कैसे क्या रहेगा, क्योंकि सर्दी तो अगले मंथ में भी रहेगी और उन्हें सुलाना कहां है? मेरा मतलब अपने पास किराए के कुल दो कमरे हैं। मेहमानों को सुलाना तो पड़ेगा ना।' मैंने कहा।

पत्नी बोली-'आप, मैं और बच्चे एक जगह सो जाएंगे, उन्हें अपना वाला बैडरूम दे देंगे। आप क्यों फिक्र करते हैं। मैं सब मैनेज कर लूंगी।' मैंने कहा-'लेकिन भागवान वे बीस को आएंगे। बीस तक तो सैलेरी तार-तार हो जाती है। मैं पी.एफ. से लोन एप्लाई कर देता हूं।' इस बार पत्नी के कान चौकन्ने हुए, बोली-'यह आपकी व्यवस्था है, जो भी करना हो, कर लो। पैसा तो खर्च होगा ही।'

'लेकिन तुम एक वार कन्फर्म तो कर लो, कहीं उन्होंने प्रोग्राम कैंसिल कर दिया हो तो, अपन क्यों परेशान हों।' पत्नी ने झट से फोन लगाया- फोन उसकी भाभी ने उठाया था। बातचीत में उसने सारी जानकारी कर ली और फोन का चोगा रखकर मुझसे बोली-'सुनो, मेहमान आ ही रहे हैं।' मैंने लिहाफ तान लिया और गुस्से से तिलमिलाता रहा। पत्नी उठकर चली गई थी।

### नॉलेज कॉर्नर: विश्व के सात नए अजूबों में शामिल है ये स्थान

# दुनिया की बेहद खूबसूरत जगह माचू-पिचू

यह दुनिया कई सुंदर जगहों से अटी पड़ी है। घूमने का शौक रखने वाले लोगों के लिए ऐसे स्थानों की कोई कमी नहीं हैं जो हर बार कोई नया पर्यटन स्थान देखना चाहते हैं। अब बात चाहे दुनिया की अजूबों की ही कर लें... इस दुनिया में कुल 7 अजूबे हैं, जो अलग-अलग देश में स्थित हैं। लेकिन साल 2007 में एक बार फिर सात नए अजूबों की सूची जारी की गई, जिसमें माचू-पिचू नामक स्थान का नाम भी शामिल किया गया। इस जगह का नाम शायद ही किसी भारतीय ने सुना होगा। आखिर यह जगह कई समंदर पार जो बसी है, लेकिन स्थानीय लोग इस जगह के बारे में गहरा ज्ञान रखते हैं। अमेरिकी देश पेरू में बसी यह चोटी विश्व का एक अजूबा है। इस स्थान का इतिहास भी काफी पुराना है। इसकी उत्पत्ति कैसे हुई, कब इसका नाम सात अजूबों में जोड़ा गया तथा इस चोटी की ऊंचाई कितनी है, इसी को लेकर विस्तार से जानेंगे आज के कॉर्नर में...

## इतिहास

इसका इतिहास इंका सभ्यता से जुड़ा हुआ है। लगभग छः हजार साल पहले 1430 ईस्वी में इंकाओं ने इसका निर्माण किया था। लेकिन 1530 ईस्वी के आसपास स्पेनियों ने इंकाओं पर जीत हासिल कर ली थी। इसके बाद इंका शासक इस स्थान को छोड़कर चले गए। इसलिए सालों तक लोग इस जगह से अनजान रहे। इसके बाद हीरम नामक अमेरिकी इतिहासकार ने वर्ष 1911 में इस स्थान की खोज की। इसलिए दुनिया को माचू-पिचू नामक स्थान से परिचित कराने का श्रेय हीरम बिंघम को दिया जाता है। इसके बाद यह जगह एक पर्यटन के रूप में उभर कर सामने आया। वर्ष 1981 में इसे पेरू के एक ऐतिहासिक मंदिर के रूप में घोषित किया गया। वर्ष 1983 में इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया। इस स्थान पर स्पेनियों द्वारा आक्रमण करने के बाद भी कुछ नहीं बिगड़ा, क्योंकि उन्होंने इसे प्राप्त करने के बाद भी नहीं लूटा था। इसलिए यह स्थान ज्यों का त्यों रहा।



## माचू पिचू के बारे में

दक्षिण अमेरिका के पेरू देश में बसी माचू पिचू एक चोटी है। इस चोटी का निर्माण कोलम्बस के जन्म से भी पहले हुआ था। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 2430 मीटर है। इसकी उरुबाम्बा घाटी से उरुबाम्बा नदी बहती है। इसके ऊपर एक पहाड़ स्थित है। यह स्थान कुज्को शहर से 80 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम दिशा में स्थित है, जो कि इंका साम्राज्य की ऐतिहासिक राजधानी है। इसे 'इंकाओं का खोया शहर' के नाम से भी जाना जाता है। माचू पिचू इंका साम्राज्य के सबसे परिचित प्रतीकों में से एक है। 7 जुलाई 2007 को इसे विश्व के सात नए आश्चर्यों में शामिल किया गया।

**सेवन न्यू वंडर्स में शामिल**

*7 जुलाई 2007 को दुनिया के सात नए अजूबे घोषित किए गए थे, जिन्हें सेवन वंडर्स भी कहा जाता है। ये सात नए अजूबे- चीन की दीवार, ताजमहल, कोलोजीयम, माचू पिचू क्राइस्ट रिडीमर, चिचेन इत्जा तथा पेट्रा हैं। इनका विचार 2200 वर्ष पूर्व हेरोडोटस और कल्लिमचुस को आया था।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi

भारत और पोलैंड मानवता के बंधन से जुड़े हुए हैं। मैं पोलैंड से मिली मदद को कभी नहीं भूल सकता, चाहे वह 2001 का गुजरात भूकंप हो या फिर जब हमारे छात्र यूक्रेन से लौट रहे थे। भारत और पोलैंड लोकतंत्र और लोकतांत्रिक सिद्धांतों को महत्व देते हैं।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

'विकसित भारत @2047, विकसित राजस्थान' के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव:** जजपा को फिर झटका, गहरे राजनीतिक संकट में फंसी पार्टी

# एक और विधायक का पार्टी से इस्तीफा, अब तक छह ने छोड़ा साथ

एजेंसी | चंडीगढ़

हरियाणा में जननायक जनता पार्टी के एक और विधायक ने गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। राज्य में चुनावों की घोषणा के बाद अब तक छह विधायक इस्तीफा दे चुके हैं। अब पार्टी के नरवाना से विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने पार्टी के साथ-साथ विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्पीकर को इस्तीफा भेज दिया है।

राज्य में पार्टी के कुल 10 विधायक थे और 2019 के चुनाव के बाद राज्य में भाजपा नीत सरकार के गठन में जननायक जनता पार्टी ने अहम भूमिक निभाई थी। दुष्यंत चौटाला डिप्टी सीएम बने थे, लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद पार्टी के विधायकों में छोड़कर जाने की होड़ मची हुई है।

रामनिवास सुरजाखेड़ा ने जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला को इस्तीफा भेजा है। उन्होंने लिखा कि पिछले दो साल से पार्टी की गतिविधियां उनकी राजनीति की विचारधारा से विपरित रही हैं। इससे वह व्यथित होकर सभी पदों, दायित्वों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।




### अब चार में से दो विधायक तो परिवार के ही

जजपा में अब सिर्फ चार विधायक बचे हैं। इनमें दुष्यंत चौटाला और उनकी मां नैना चौटाला भी शामिल हैं। दो अन्य विधायकों में अमरजीत सिंह ढांडा और राजकुमार गौतम का नाम शामिल है। अगर जेजेपी के दो विधायक और पार्टी छोड़ते हैं तो दिसंबर, 2018 में बनी जजपा की हालत और दयनीय हो जाएगी। लोकसभा चुनावों में पार्टी ने सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। पार्टी को चुनाव में 1 फीसदी से भी कम वोट मिल पाए थे।

### अब तक इन्होंने छोड़ा साथ

रामनिवास सुरजाखेड़ा (नरवाना), अनूप धानक (उकलाना ), जोगी राम सिहाग (बरवाला), देवेंद्र बबली (टोहाना से), ईश्वर सिंह (गुहला चीका ) व रामकरण काला (शाहबाद )।

### रामचरण काला कांग्रेस में शामिल हुए

जजपा छोड़ने वाले ज्यादा विधायकों के कांग्रेस में जाने की अटकलें लग रही है। रामचरण काला कांग्रेस में शामिल भी हो चुके हैं। वह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हुए थे। 2019 विधानसभा चुनावों में जेजेपी ने 87 सीटों पर चुनाव लड़ा था।।

### जोगीराम भाजपा के पक्ष में दिखे

बरवाला से विधायक जोगी राम सिहाग पर जजपा पहले ही भाजपा के पक्ष में रहने का आरोप लगा चुकी है। जजपा पहले ही जोगी राम सिहाग और राम निवास सुरजाखेड़ा को अयोग्य करार देने का पत्र विधानसभा अध्यक्ष को लिख चुकी है। कयास हैं कि सिहाग को भाजपा का टिकट मिल सकता है। जोगी राम सिहाग 2019 में भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर जजपा में शामिल हुए थे। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्र पुनिया को हराया था। ज्ञात रहे कि राज्य की 90 सीटों के लिए 1 अक्तूबर को मतदान होगा। नतीजे 4 अक्तूबर को आएंगे। जजपा के छह विधायकों के इस्तीफे के बाद पार्टी चुनावों से पहले गहरे सियासी संकट में फंसती नजर आ रही है।

---

## J&K: शिवसेना (यूबीटी) लड़ेगी विस चुनाव



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में शिवसेना (यूबीटी) भी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इसके लिए पार्टी की प्रदेश इकाई को पार्टी हाईकमान से चुनाव लड़ने की हरी झंडी मिल गई है और उम्मीदवारों की पहली सूची व चुनाव घोषणा पत्र को अंतिम रूप दे दिया गया है। पार्टी उम्मीदवारों के नामों की पहली सूची शुक्रवार को जारी कर सकती है। सेना भवन, मुंबई में हाईकमान व जम्मू-कश्मीर ईकाई प्रमुख मुनीष साहनी के साथ आयोजित एक बैठक में गहन विचार-विमर्श के बाद पार्टी सांसद अनिल देसाई ने जम्मू-कश्मीर के लिए पार्टी घोषणा पत्र व उम्मीदवारों की पहली सूची को अंतिम रूप दिया।

## केवीके प्रमुख विजय ने जारी किया पार्टी का झंडा

**चेन्नई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार और तमिलगा वेत्री कझगम (केवीके) के प्रमुख विजय ने गुरुवार सुबह अपनी पार्टी का झंडा जारी किया है। पार्टी का राज्य स्तरीय सम्मेलन 22 सितंबर को विल्लुपुरम में होगा। इस दौरान उन्होंने कहा, हमारा झंडा शुक्रवार से से पूरे राज्य में लहराएगा। विजय ने फरवरी में अपनी खुद की पार्टी लॉन्च करने की घोषणा की थी। विजय ने कहा, अब तमिलनाडु बेहतर होगा। जीत निश्चित है। उन्होंने बताया कि यह झंडा तमिलनाडु के विकास के लिए कोशिश करने का प्रतीक है। पार्टी राज्य स्तरीय सम्मेलन के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रही है। विजय की नई फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की रिलीज के बाद इस समारोह का आयोजन होगा। यह फिल्म 5 सितंबर को रिलीज हो रही है।

---

**जम्मू कश्मीर में कांग्रेस व नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन...**

# दोनों पार्टियां मिलकर लड़ेंगी चुनाव राज्य का दर्जा बहाली को प्रतिबद्ध

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासत गरमाने लगी है। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को श्रीनगर से चुनाव अभियान शुरू किया। इस दिशा में कांग्रेस ने एक अहम पहल नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ चुनावी गठबंधन करके की है। अब दोनों पार्टियां मिलकर इस केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव लडेंगी।

इससे पहले मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला व अन्य नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक के बाद फारूक अब्दुल्ला ने घोषणा की कि राज्य में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस मिलकर सभी 90 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेंगी। बैठक के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा, हम और कांग्रेस एक साथ हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारे लोग (नेकां नेता) भी हमारे साथ हैं। हमें भरोसा है कि इस चुनाव में हमारी जीत होगी। जम्मू-कश्मीर के लोग कई सालों से कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

> हमारे लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जे का मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण - **राहुल गांधी**

> राज्य का दर्जा हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। हमें उम्मीद है कि राज्य को पूरी स्वायत्तता मिलेगी। -**फारूक अब्दुल्ला**



### चुनाव लड़ने पर सवाल को टाल गए फारूक

जब फारूक अब्दुल्ला से पूछा कि क्या वह जम्मू-कश्मीर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे तो इसके जवाब में उन्होंने कहा (हंसते हुए) कि बेहतर है कि आप मुझसे यह सवाल न पूछें। मैं इसका जवाब नहीं दूंगा।

### कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस व माकपा साथ साथ: फारूक

दोनों पार्टियों के बीच सभी 90 विधानसभा सीटों पर गठबंधन हो गया है। कागजी कार्यवाही भी पूरी हो जाएगी। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस व सीपीआई (एम) साथ में हैं। हम साथ मिलकर काम करेंगे और चुनाव लड़ेंगे। हमें उम्मीद है कि राज्य का दर्जा वापस मिलेगा। किसी के लिए कोई दरवाजा बंद नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के बयान पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि राज्य का दर्जा हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमने इसका वादा किया है। इस राज्य ने बुरे दिन देखे हैं। हमें उम्मीद है कि राज्य को पूरी स्वायत्तता मिलेगी और हम इस मामले में हर तरह से विपक्षी गठबंधन इंडिया साथ खड़े हैं।

### पहली बार किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया: राहुल

भारत के इतिहास में आजादी के बाद कई केंद्रशासित प्रदेशों को राज्य में बदल दिया गया है, लेकिन केवल एक ही उदाहरण है जब राज्य का दर्जा छीनकर (जम्मू-कश्मीर) केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और हम यह संदेश देना चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है, यह हमारे लिए भी जरूरी है और देश के लिए भी। हम समझते हैं कि आप बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। हम यहां हिंसा को खत्म करना चाहते हैं।

### खरगे- राहुल ने लिया कार्यकर्ताओं से फीडबैक

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और राहुल गांधी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जमीनी स्तर की तैयारियों के बारे में फीडबैक लेने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की। राहुल गांधी ने श्रीनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं व नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप कार्यकर्ता नहीं, परिवार हैं। जैसे ही हमें पता चला कि चुनाव होने वाले हैं, हमने सबसे पहले यहां (जम्मू-कश्मीर) आने का फैसला किया। राहुल गांधी ने कहा कि हम हर राज्य के लोगों को संदेश देना चाहते हैं कि हमारे लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व और जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जे का मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण है

---

**अभी नहीं खुलेगा शंभू बॉर्डर:** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा-पंजाब से कहा...

# किसानों से बातचीत रखें जारी, जल्द होगा समिति का गठन

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह किसानों की शिकायतों का सौहार्दपूर्ण समाधान करने के लिए जल्द ही एक बहु-सदस्यीय समिति गठित करेगा। सुनवाई के दौरान पंजाब और हरियाणा की सरकारों ने किसानों के साथ हुई बैठक की रिपोर्ट शीर्ष अदालत को दी। कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों को किसानों से बैठक जारी रखने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट शंभू बॉर्डर खोलने के पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश के खिलाफ हरियाणा सरकार की की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायाधीश उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 2 सितंबर के लिए तय की।

पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा कि वे समिति को किसानों से संबंधित संभावित मुद्दे बताएं। पंजाब सरकार ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि शीर्ष अदालत के 12 अगस्त के आदेश का अनुपालन करते हुए उन्होंने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बैठक की, जिसमें वे अवरुद्ध राजमार्ग को आंशिक रूप से खोलने पर सहमत हुए।



### किसानों को राजमार्ग से ट्रैक्टर-ट्रॉलियां हटाने को करें राजी

पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा कि वे प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत करते रहें और उन्हें राजमार्ग से अपने ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए राजी करें। ज्ञात रहे कि 12 अगस्त को शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार से कहा था कि वह 13 फरवरी से शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को सड़क से ट्रैक्टर और ट्रॉलियां हटाने के लिए राजी करे। कोर्ट ने कहा था कि राजमार्ग पार्किंग स्थल नहीं हैं। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर लगाए गए बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था। प्रदर्शनकारी किसान वहां 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

---

**महासचिव के पार्टी छोड़ने से बिहार में गरमाई सियासत**

# श्याम रजक का राजद से इस्तीफा

**तेजस्वी बोले-अब जहां रहें, अच्छे से रहें...चुनाव आने वाला है**

एजेंसी | पटना

बिहार के दिग्गज नेताओं में शामिल श्याम रजक ने गुरुवार को अचानक राष्ट्रीय जनता दल से अपना इस्तीफा दे दिया। रजक ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को संबोधित एक पत्र जारी कर यह जानकारी दी है। उन्होंने घोषणा की कि वह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद के साथ-साथ दल की प्राथमिक सदस्यता से भी त्यागपत्र दे रहे हैं। राजद के इस्तीफ के बाद राज्य की सियासत गरमा गई है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। रजक ने पत्र में लिखा है, मैं शतरंज का शौकीन नहीं था, इसलिए धोखा खा गया। आप मोहरे चल रहे थे, मैं रिश्तेदारी निभा रहा था। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस पर कहा कि वो जहां भी रहें, अच्छे से रहें। तेजस्वी यादव ने कहा, 'हां, अब जहां रहें, अच्छे से रहें। चुनाव आने वाला है।

लालू प्रसाद यादव को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद श्याम रजक मीडिया से बातचीत में कहा, मैंने आंदोलन जेपी से शुरू किया और राजनीति चंद्रशेखर से शुरू की। जिसमें स्वाभिमान, सम्मान और काम के विजन के अलावा मैं कुछ नहीं जानता हूं। उन्होंने कहा कि जिन मूल्यों को लेकर हमने राजद का गठन किया उन मूल्यों में कमी आ गई है। रजक मूलतः लालू यादव की पार्टी के रहे हैं। बीच में वो राजद छोड़कर जदयू में चले गए थे। फिर जदयू का साथ छोड़कर राजद का दामन थमा लिया था।

**शतरंज का शौकीन नहीं... धोखा खा गया: रजक**



## चंपई ने सुलह की संभावना से किया इनकार

**रांची।** झामुमो नेता रहे और पूर्व सीएम चंपई सोरेन ने यह साफ कर दिया है कि वह झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में वापस नहीं जाएंगे क्योंकि वहां उनका बहुत अपमान हुआ है। चंपई ने बुधवार को झामुमो के साथ सुलह की संभावना से इनकार किया और संकेत दिया कि वह आगामी विधानसभा चुनाव से पहले अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी बना सकते हैं। उन्होंने यह बात दिल्ली से लौटने पर कहीं। उनके दिल्ली आगमन को लेकर अटकलें थी कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। चंपई ने कहा, मेरे जीवन में झामुमो का चैप्टर अब बंद हो चुका है।

---

**गुजरात:** विधानसभा से किया था वॉकआउट

# 11 विधायक एक दिन के लिए निलंबित

एजेंसी | अहमदाबाद

गुजरात विधानसभा स्पीकर ने गुरुवार को विपक्षी पार्टी कांग्रेस के 11 विधायकों को वॉकआउट करने पर एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। तीन दिन के मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्षी पार्टी के विधायकों ने कुछ प्रश्न पूछना चाहते थे, लेकिन स्पीकर शंकर चौधरी ने उनकी मांग खारिज कर दी। इसके बाद कांग्रेस विधायक सदन से वॉकआउट करने लगे। विधायकों के वॉकआउट करने के बाद स्पीकर ने उन सभी को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया।

इससे पहले कांग्रेस नेता अमित चावड़ा और अन्य ने 'राजकोट अग्निकांड पीड़ितों को न्याय दो', ड्रग्स की समस्याओं पर अंकुश लगाओ और भूमि माफिया के खिलाफ कार्रवाई करो, जैसे नारे लिखी तख्तियां दिखाईं। चावड़ा ने बताया कि पार्टी ने मानसून सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा सचिवालय को 12 अल्पसूचित प्रश्न सौंपे थे, लेकिन उनमें से एक भी प्रश्न पर चर्चा नहीं की गई। उन्होंने कहा, आज जिन दो प्रश्नों पर चर्चा की गई वे भाजपा विधायकों के थे। हमें यह तक नहीं बताया गया कि हमारे प्रश्नों को क्यों नहीं लिया गया। हम भाजपा सरकार और उनके मंत्री से स्पष्टीकरण की मांग करते हैं।



कांग्रेस विधायकों के वॉकआउट करने के बाद संसदीय कार्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने स्पीकर से सभी 11 विधायकों को निलंबित करने की अपील की। कांग्रेस विधायक को शेष दिन के लिए निलंबित करने के प्रस्ताव को बहुत ने मंजूरी दे दी। आम आदमी पार्टी के चार विधायकों ने अपनी सहमति नहीं दी। बता दें कि गुजरात विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार को समाप्त होने वाला है।

---

**जम्मू कश्मीर की चुनाव चिट्ठी**

# भाजपा को जम्मू से उम्मीद, घाटी की पहाड़ी व गुज्जर बहुल सीटों पर नजर

एजेंसी | नई दिल्ली/जम्मू

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस ने अपना मिशन जम्मू कश्मीर शुरू कर दिया है। इसके साथ ही चुनाव की तस्वीर भी साफ होने लगी है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन की घोषणा के साथ ही यह तस्वीर भी साफ हो गई है कि विपक्ष की ओर से घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और जम्मू में कांग्रेस मुख्य रूप से चुनाव मैदान में होंगे। अब घाटी में प्रभाव वाली एक और प्रमुख पार्टी पीडीपी की तस्वीर साफ होना शेष है कि वह कांग्रेस -नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन से जुड़ेगी या एकला चलो पर आगे बढ़ेगी।



सूत्रों के अनुसार भाजपा को आशंका है कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा समाप्त करने और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने के बाद पार्टी को घाटी में किसी नामवर राजनीतिक पार्टी का साथ मिलने की संभावना कम है। ऐसे में उसकी सारी उम्मीदें जम्मू क्षेत्र पर ही केंद्रित रहेंगी। परिसीमन के बाद 90 सदस्यीय जम्मू कश्मीर विधानसभा की जम्मू क्षेत्र में 43 सीटें हैं। वहीं घाटी में 47 सीटें हैं। ऐसे में चुनाव के बाद सत्ता के समीकरण अपने अनुकूल करने के लिए भाजपा जम्मू क्षेत्र की अधिकांश सीटों पर जीत हासिल करना चाहेगी। साथ ही वह घाटी में भी अपना खाता खोलना चाहेगी। इसके लिए पार्टी की नजर खासकर उन निर्वाचन क्षेत्रों पर हैं जो कि गुज्जर और पहाड़ी बहुल हैं। इन्हें अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद आरक्षण का लाभ मिला है।

### राम माधव के कंधों पर है व्यूह रचना का जिम्मा



भाजपा ने एक बार फिर जम्मू कश्मीर में अपने परखे हुए चेहरे राम माधव को भेजा है। मंगलवार को भाजपा ने राम माधव और जी किशन रेड्डी को पार्टी का प्रभारी घोषित किया था। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार राम माधव ने 2014 में जम्मू-कश्मीर में भाजपा की चुनावी सफलताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भाजपा 25 सीटों के साथ 28 सीटों वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के बाद दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा को नेशनल कॉन्फ्रेंस की 15 सीटों के मुकाबले बड़ी जीत मिली थी। याद रहे कि 2008 के पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा के पास सिर्फ 11 सीटें थीं। जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा के बाद राज्यपाल शासन के दौरान राम माधव ने पीडीपी के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करवाया था, ताकि मुफ्ती मोहम्मद सईद के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनाई जा सके। बाद में महबूबा मुफ्ती सीएम बनीं। अंततः दोनों पार्टियों के बीच दूरी बढ़ने से दोनों पार्टियों की राह अलग अलग हो गई थी और सरकार गिर गई थी। समझा जाता है कि राम माधव की तब की व्यूह रचना को देखते हुए हुए ही पार्टी ने उन्हें फिर से जम्मू कश्मीर भेजा है। क्योंकि भाजपा की चुनावी सफलता बहुत कुछ जम्मू में उसकी चुनावी सफलता पर निर्भर करेगी। सूत्रों के अनुसार भाजपा राम माधव के इसी अनुभव का फायदा उठाना चाहती है।

### अब क्या हैं भाजपा के सामने विकल्प

जम्मू-कश्मीर में वर्तमान में सज्जाद लोन के नेतृत्व वाली पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व वाली अपनी पार्टी और पूर्व कांग्रेसी नेता गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी जैसे कई राजनीतिक संगठन हैं जो नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के विकल्प के रूप में सामने आ रहे हैं। अब देखना है कि भाजपा किस राजनीतिक ताकत से कहां हाथ मिलाती है। हालांकि कुछ मीडिया रिपार्टों कें कहा जा रहा है कि भाजपा जम्मू में अपने बूते पर चुनाव लड़ेगी और घाटी में कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों का समर्थन करेगी।

### पूर्वोत्तर में भी सफलता की लिखी थी पटकथा

राम माधव ने जम्मू-कश्मीर में अपने अच्छे प्रदर्शन से पहले असम में दो साल तक काम किया और भाजपा को 126 में से 86 सीटों के साथ वहां की सत्ता में लाने में मदद की। असम को पहली बार सर्बानंद सोनोवाल के रूप में भाजपा का मुख्यमंत्री मिला। सोनोवाल ने भी खुद को पार्टी के लिए पूरी तरह समर्पित कर दिया था। पूर्वोत्तर परंपरागत रूप से कांग्रेस का गढ़ रहा है, लेकिन सोनोवाल के मुख्यमंत्री बनते ही एक-एक अन्य प्रदेशों में भी भाजपा की सरकारें बनने लगीं।

## राष्ट्रपति ने प्रदान किए विज्ञान पुरस्कार



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किए। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के पहले संस्करण में प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को चार श्रेणियों - विज्ञान रत्न, विज्ञान श्री, विज्ञान युवा और विज्ञान टीम में 33 पुरस्कार प्रदान किए गए।*

## जरूरी खबर

### महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले शब्द अपराध

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि ईमेल और सोशल मीडिया पर लिखे गए वो शब्द अपराध हैं, जो किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचा सकते हैं। जस्टिस ए. एस गडकरी और नीला गोखले की खंडपीठ ने एक व्यक्ति की तरफ से दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 509 (महिला की गरिमा का अपमान) के तहत उसके खिलाफ दर्ज साल 2009 के मामले को रद्द करने की मांग की गई थी। जानकारी के मुताबिक आरोपी व्यक्ति ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता को आपत्तिजनक और अपमानजनक ईमेल लिखे थे, जो उसी दक्षिण मुंबई की सोसायटी में रहती है, जहां वह रहता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, ईमेल में उसके चरित्र पर टिप्पणी की गई थी और उसे सोसायटी के कई अन्य सदस्यों को भी भेजा गया था।

### गैंगस्टर रोमी को हांगकांग से भारत लाया गया



**चंडीगढ़।** पंजाब के बहुचर्चित नाभा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड भगौड़े गैंगस्टर रमनजीत सिंह उर्फ रोमी का हांगकांग से सुरक्षित प्रत्यर्पण कर लिया गया है। उसे पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की टीम गुरुवार को भारत वापस लेकर आई। पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया में बताया, पंजाब पुलिस के अथक प्रयासों के फलस्वरूप, न्याय सुनिश्चित करने के लिए मुख्य साजिशकर्ता रोमी को गुरुवार को भारत वापस लाया जा रहा है। वह आईएसआई और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के अन्य फरार कैदियों सहित हरमिंदर सिंह मिंटू और कश्मीर सिंह गलवड्डी के संपर्क में था।

### विस चुनाव: 400 पर्यवेक्षकों की टीम होगी तैनात

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनावों पर पैनी नजर रखने के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने दोनों ही राज्यों में चार सौ से अधिक पर्यवेक्षकों की तैनाती करने का फैसला लिया है। आयोग ने गुरुवार को दोनों ही राज्यों में तैनात होने वाले इन सभी पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की है। साथ ही यह निर्देश दिया है कि वह चुनाव के दौरान किसी भी तरह के दुष्प्रचार को तुरंत और सख्ती से निपटें। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में हुई पर्यवेक्षकों की इस बैठक में दोनों ही चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ एसएस संधू मौजूद थे।

## विनेश का दावा: महिला पहलवानों की सुरक्षा हटाई



**चंडीगढ़।** पेरिस ओलंपिक से हाल ही में लौटीं पहलवान विनेश फोगाट ने दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विनेश ने दावा किया है कि जिन महिला पहलवानों की बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कोर्ट में गवाहियां होने वाली हैं, दिल्ली पुलिस ने उनकी सुरक्षा को हटा लिया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने विनेश के आरोपों को खारिज कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा, 'सुरक्षा वापस लेने का कोई आदेश नहीं है। अगर सुरक्षाकर्मी पहुंचने में कोई देरी हुई है तो उसकी जांच की जा रही है। विनेश के अलावा साक्षी मलिक समेत कई अन्य पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले साल यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसको लेकर जंतर-मंतर पर काफी दिनों तक विरोध प्रदर्शन भी किया था।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड के दौरे पर**

# पांच वर्षीय कार्ययोजना तैयार बढ़ेगी रणनीतिक साझेदारी

**एजेंसी** | वारसा

भारत और पोलैंड एक पांच-वर्षीय कार्य योजना तैयार करने और निष्पादित करने पर सहमत हुए जो वर्ष 2024-2028 में द्विपक्षीय सहयोग का मार्गदर्शन करेगी। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी के तहत द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न क्षेत्रों के लिए कई लक्ष्य तय किए हैं। यह सहमति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के दौरान उनकी पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ वार्ता के दौरान बनी। यूरोपीय देशों के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने में जुटे भारत ने मध्य यूरोप में आर्थिक तौर पर काफी तेजी से प्रगति कर रहे पोलैंड के साथ अपने द्विपक्षीय रिश्ते को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया है। पीएम मोदी ने पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से भी मुलाकात की।



### रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने पर जोर

दोनों प्रधानमंत्रियों ने कारोबार व निवेश, प्रौद्योगिकी व शहरी ढांचागत क्षेत्र में रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने पर खास जोर दिया है। पोलैंड अभी मध्य एशिया में भारत का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार देश है और मोदी ने अपनी इस यात्रा के बाद द्विपक्षीय कारोबार के और बढ़ने की संभावना जताई है। साथ ही प्रशिक्षित व कुशल भारतीय कामगारों को पोलैंड में ज्यादा अवसर देने को लेकर दोनों सरकारों के बीच एक समझौता करने की भी सहमति बनी है।

### मोदी ट्रेन से जाएंगे कीव, अभूतपूर्व सुरक्षा

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को यूक्रेन की राजधानी कीव का दौरा करेंगे। वे पोलैंड से कीव तक ट्रेन से यात्रा करेंगे, जिसमें करीब 10 घंटे लगेंगे। वापसी की यात्रा भी लगभग इतनी ही लंबी होगी। पीएम मोदी की यह यात्रा 'ट्रेन फोर्स वन' नाम की बेहद खास रेल से होगी। ट्रेन में वीआईपी यात्रियों की सुरक्षा के लिए जबरदस्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। बख्तरबंद खिड़कियों से लेकर सुरक्षित संचार व्यवस्था तक, ट्रेन फोर्स वन को सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए बनाया गया है। ट्रेन फोर्स वन में निगरानी व्यवस्था, एक सुरक्षित संचार नेटवर्क और सुरक्षा कर्मियों की एक अलग टीम होती है जो लगातार बाहर की स्थिति पर नजर रखती है।

### ट्रेन से यात्रा कूटनीति का हिस्सा

वैश्विक नेताओं द्वारा ट्रेन के जरिए पोलैंड से यूक्रेन की यात्रा एक कूटनीति का हिस्सा मानी जाती है। इस कूटनीति को 'आयरन डिप्लोमेसी' का नाम दिया गया है। यूक्रेनी रेलवे के सीईओ ओलेक्सांद्र कामिशिन ने 'आयरन डिप्लोमेसी' शब्द गढ़ा है। आयरन डिप्लोमेसी के तहत दुनिया के नेता युद्ध और हवाई क्षेत्र बंद होने की अनदेखी करके कीव के लिए भूमि मार्ग अपनाते हैं। इसके अलावा नेता संघर्ष के मामले में, शांति पर चर्चा करने के लिए यूक्रेन को समर्थन दिखाते हैं।

**दवा कंपनियों को तगड़ा झटका**

## सरकार ने 156 दवाइयों पर लगाई रोक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सरकार ने बुखार, जुकाम, एलर्जी और दर्द के लिए उपयोग की जाने वाली 156 आम दवाओं प्रतिबंध लगाया है। इनमें से कई दवाएं जीवाणुरोधी हैं और इन्हें फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन दवाओं के रूप में जाना जाता है। इनमें एंटीबायोटिक, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन भी शामिल हैं। सरकार ने यह फैसला इन दवाओं के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होने की वजह से लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक गजट अधिसूचना जारी कर इन दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी है। यह फैसला ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड और केंद्र सरकार द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति और औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड ने इस मामले की जांच की।




### ये दवाएं भी सूची में शामिल

कुछ खास दवाओं को एफडीसी सूची में शामिल किया गया है। इनमें मेफेनैमिक एसिड और पैरासिटामोल इंजेक्शन का मिश्रण शामिल है। इसका उपयोग दर्द और सूजन को कम करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, ओमेप्राजोल मैग्नीशियम और डायसाइक्लोमाइन HCl का संयोजन भी शामिल है। इस संयोजन का उपयोग पेट दर्द के इलाज के लिए किया जाता है। डीटीएबी ने इन दवाओं के दावों को सही नहीं पाया। उनका मानना है कि इनसे मरीजों को फायदा कम और नुकसान ज्यादा है। इसलिए, जनहित में इन दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी गई है।

**दुष्कर्म की घटनाओं के लेकर ममता ने पीएम मोदी को लिखा पत्र**

## कठोर कानून बनाएं...15 दिन में हो सुनवाई पूरी

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देशभर में लगातार सामने आ रहे दुष्कर्म के मामलों को लेकर पत्र लिखा है। ममता ने पीएम को यह पत्र ऐसे समय लिखा गया है जब जब कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में राज्य सरकार के रवैये की लगातार आलोचना हो रही है।

सीएम ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलपन बंद्योपाध्याय ने यह जानकारी दी। ममता ने पत्र में कहा है कि उन्होंने कहा है कि ऐसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को कठोर केंद्रीय कानून के माध्यम से व्यापक तरीके से संबोधित करने की आवश्यकता है, जिसमें ऐसे जघन्य अपराधों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कठोर सजा का प्रावधान हो। उन्होंने कहा है कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों की जल्द सुनवाई के लिए फास्ट-ट्रैक विशेष अदालतों की स्थापना पर भी विचार किया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में सुनवाई अधिमानतः 15 दिनों के भीतर पूरी की जानी चाहिए। ममता ने कहा है कि देश भर में बलात्कार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कई मामलों में बलात्कार के साथ हत्या भी की जाती है। यह देखना भयावह है कि देश भर में प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार के मामले होते हैं। इससे समाज और राष्ट्र का विश्वास और विवेक डगमगाता है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम इसे समाप्त करें ताकि महिलाएं सुरक्षित महसूस करें।




**बदलापुर यौन उत्पीड़न: हाई कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान... कहा-**

## स्कूल असुरक्षित, बच्चियां कहां जाएंगी!

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में स्कूल में यौन शोषण का शिकार हुई दो बच्चियों के मामले में हाई कोर्ट ने स्कूल प्रशासन से लेकर पुलिस अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि कैसी स्थिति आ गई है लोगों को पुलिस के एक्शन के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि यदि स्कूल भी सुरक्षित नहीं है तो बच्चियां कहां जाएंगी? बच्चियों को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। अदालत ने एफआईआर देरी से दर्ज करने के लिए पुलिस से जवाब मांगा। साथ ही हैरानी जताई कि दूसरी पीड़िता का अभी तक बयान क्यों नहीं लिया गया। अदालत ने अफसोस जताते हुए कहा कि पुलिस इस संगीन मामले को इतने हल्के में कैसे ले सकती है? बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को बदलापुर में अपने स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों पर यौन उत्पीड़न को बेहद चौंकाने वाला बताया और कहा कि लड़कियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। न्यायाधीश रेवती मोहिते डेरे और न्यायाधीश पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि घटना की जानकारी होने के बावजूद रिपोर्ट नहीं करने के लिए स्कूल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इसने एफआईआर दर्ज करने में देरी को लेकर भी पुलिस की आलोचना की। आरोप है कि 12 और 13 अगस्त को ठाणे जिले के बदलापुर में स्कूल के शौचालय के अंदर एक पुरुष परिचारक द्वारा दो तीन और चार वर्षीय लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया गया था।



**कोलकाता: डॉक्टर से रेप व हत्या के केस में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई**

# SC ने एफआईआर दर्ज करने में देरी पर उठाए सवाल, लगाई फटकार

### यह भी कहा कोर्ट ने

- चिकित्सकों को कामकाज बहाल करने का निर्देश
- न्याय व चिकित्सा को रोक नहीं सकते

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने मामले को दर्ज करने में देरी पर कोलकाता पुलिस को कड़ी फटकार लगाई और इसे बेहद परेशान करने वाला बताया। कोर्ट ने कहा कि मामले में गंभीर लापरवाही बरती गई है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कार्यबल को चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल तैयार करते समय सभी हितधारकों की बात सुनने का निर्देश दिया। कोर्ट ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से सामान्य कामकाज बहाल का निर्देश दिया और कहा कि न्याय और चिकित्सा को रोका नहीं जा सकता। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एफएआईएमए ने हड़ताल वापस ले ली है। उन्होंने कहा, हम अंतरिम सुरक्षा और अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए आवश्यक कदमों के लिए हमारी प्रार्थनाओं की स्वीकृति का स्वागत करते हैं।




### सुप्रीम कोर्ट 5 सितंबर को सुनवाई जारी रखेगा।

कोर्ट ने कहा कि अगर डॉक्टर काम पर नहीं लौटेंगे तो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा कैसे काम करेगा। सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में पेश हुए थे और बंगाल सरकार का पक्ष वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल रख रहे थे।सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में पेश हुए थे और बंगाल सरकार का पक्ष वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल रख रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से भी भावुक अपील की और उन्हें शीघ्र काम पर वापस लौटने के लिए भी कहा। कोर्ट ने कहा कि न्याय और चिकित्सा को रोका नहीं जा सकता है।

### सुनवाई में क्या-क्या हुआ?

#### डॉक्टरों के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई

कोर्ट ने डॉक्टरों से कहा कि वह उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक निर्देश जारी कर रही है। कोर्ट ने उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया।

#### अपराध स्थल को बदल दिया गया था: सीबीआई

शीर्ष अदालत ने कोलकाता पुलिस को भी कड़ी फटकार लगाई। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उसकी जांच में खामियों को उजागर किया। वहीं सीबीआई के वकील तुषार मेहता ने कहा कि मामले को छुपाने का प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा कि जब तक सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ली, तब तक स्थानीय पुलिस द्वारा अपराध स्थल को बदल दिया गया था।

#### CJI ने बताया अस्पताल के फर्श पर सोने का वाकया

सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी एक कहानी भी सुनाई। उन्होंने बताया कि वह एक बार एक सार्वजनिक अस्पताल के फर्श पर सोए थे, जब उनके एक रिश्तेदार की तबीयत खराब थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### डॉ घोष व चार अन्य डॉक्टरों का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के कथित रेप एंड मर्डर केस में अब पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष पर सीबीआई का शिकंजा कस गया है। सीबीआई अब घोष का लाई डिटेक्टर टेस्ट कराएगी। कोलकाता की एक अदालत ने डॉ घोष के अलावा चार अन्य डॉक्टरों का भी पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने जांच हाथ में लेने के बाद पिछले कुछ दिनों में घोष से कई बार पूछताछ की है, लेकिन घोष हर बार बयान बदलते रहे हैं।

### पब्लिक के बीच किया राजस्थानी फिल्म भरखमा का ट्रेलर लॉन्च, निकाला पैदल मार्च

# ‘सितारे जमीं पर’...ताकि लोग सिनेमा घरों में देखने आएं ‘आपणी फिल्में’

बेधड़क | जयपुर

जयपुर की सड़कों पर एक्टर-एक्टर्स निकल तो हर कोई उनको देखता रहा गया। किसी ने फोटोज लेने की कोशिश की तो कोई उनको मार्च करते हुए देखकर हैरान था। ये अनूठा नजारा था पहली बार राजस्थानी फिल्म ‘भरखमा‘ के प्रचार और राजस्थानी भाषा की आवाज बनकर मार्च करते मवूी के कलाकारों का। त्रिवेणी नगर से रिद्धि सिद्धि स्थित एक होटल तक एक्टर श्रवण सागर और हरियाणा की अंजलि राघव के साथ लोग पैदल मार्च में शामिल हुए। ढोल-शहनाई की धुनों के बीच लोगों ने राजस्थानी भाषा और सिनेमा के लिए नारे भी लगाए। यहां बैंड के कलाकारों ने म्यूजिकल करतब दिखाकर सभी से वाहवाही पाई।




### ट्रेलर देख रोमांचित हुए लोग

होटल पर बनाए गए मंच पर फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया। यहां गोपालपुरा रोड व्यापार मंडल के संरक्षक प्रमोद कुमार गोयल ने कलाकारों का स्वागत किया। इस मौके पर श्रवण सागर कल्याण, अंजलि राघव के साथ प्रोड्यूसर पीके सोनी गरिमा कपूर, राजवीर गुर्जर बस्सी, निक्स बोहरा सहित कई लोग मौजूद रहे। स्थानीय व्यापारिक प्रतिष्ठानों और शिक्षण संस्थान से जुड़े प्रशासन ने टीम के कलाकारों का जगह-जगह स्वागत किया। श्रवण सागर ने कहा कि हम राजस्थानी सिनेमा और भाषा के लिए काम कर रहे हैं। इस बार राजस्थानी साहित्य पर फिल्म बनाई है। लोगों के बीच पहुंचाने के लिए पैदल मार्च जैसा अनोखा आयोजन किया।

### इंफ्लुएंसर ने पोस्टर लेकर किया मार्च

पोस्टर को हाथों में लिए युवा, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, राजस्थानी सिनेमा के कलाकार, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, टेक्निशियंस, साहित्यकार और स्टूडेंट्स सड़कों पर नजर आए। उन्होंने बताया कि राजस्थानी सिनेमा के इतिहास में ऐसा शायद पहली बार हुआ है। फिल्म का लेखन आईएएस अधिकारी और लेखक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने किया है। फिल्म राजस्थानी कहानी संग्रह ‘भरखमा’ पर बनी है, जिसे दो साल पहले साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## देवनानी काटेंगे ‘महाकुंभ’ का रिबन



**बेधड़क, जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार से तीन दिवसीय फोटोग्राफी महाकुंभ का शुभारंभ करेंगे। महाकुंभ में 300 से ज्यादा फोटोग्राफर्स की 600 से अधिक तस्वीरों का डिस्पले की जाएगी। इस दौरान बीकानेर, अलवर, जोधपुर, अजमेर, सीकर, उदयपुर के साथ ही लखनऊ, सतना, इंदौर, हिमाचल, मुंबई, पंजाब, दिल्ली, झारखंड, उड़ीसा से फोटोग्राफर्स की तस्वीरें डिस्पले होंगी। साथ ही इंग्लैंड, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, आसट्रिया, दुबई, सिंगापुर, पेरिस, न्यूयॉर्क, साउथ अफ्रीका से भी फोटोग्राफर हिस्सा ले रहे हैं। पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने किया था। एग्जीबिशन में 3 फोटोग्राफर और 2 फोटो जर्नलिस्ट को लाइफ टाइम अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।


## सफलता पुरुषार्थ और भाग्य के संगम निर्भर



**बेधड़क. जयपुर।** अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर ने गुरुवार को कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण के चौथे अधिकार का वाचन किया। बताया गया कि हम सब स्वयं को कर्ता मानकर अहंकार को पृष्ठ करते हैं। हर अच्छे काम का क्रेडिट स्वयं लेते हैं और यदि काम नहीं होता है तो उसके लिए अज्ञानी लोग भगवान को जिम्मेदार ठहराते हैं, जबकि किसी भी कार्य को सफल होने में अंतरग व बहिरंग कारणों का एक साथ होना जरूरी है। पुरुषार्थ व भाग्य इन दोनों के एक साथ होने पर ही किसी भी कार्य की सफलता निर्भर करती है। हमें कर्ता भाव नहीं लाना चाहिए। नन्द किशोर-शांति देवी, प्रमोद-नीना, सुनील-नीता, अनुपमा-युवराज पहाड़िया परिवार द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज व आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया।

## City इवेंट्स

### आज होगा ‘चंडालिका’ का मंचन




**बेधड़क. जयपुर।** कला और संस्कृति विभाग तथा रविंद्र मंच द्वारा टैगोर थिएटर योजना के अंतर्गत सामाजिक नाटक चंडालिका का मंचन शुक्रवार को किया जाएगा। निर्देशन जयपुर के वरिष्ठ रंगकर्मी ओम प्रकाश सैनी करेंगे। नाटक में समाज में जाति के नाम पर होने वाले शोषण एवं भेदभाव की लंबी दास्तां है। कहीं ना कहीं समाज के कमजोर तबके के साथ जानवरों का व्यवहार जाति के नाम पर होता रहा है। जाति के नाम पर होने वाले इसी शोषण को नाटक में उजागर करने का प्रयास किया गया है।

### उदय को मिली पीएच.डी उपाधि



बेधड़क, जयपुर। उदय सिंह भादा को भूगोल विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर ने पीएचडी उपाधि प्रदान की। उन्होंने अपना पीएचडी शोध कार्य भरतपुर के महारानी श्रीजया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग के आचार्य डॉ. जैनेन्द्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में पूरा किया। भादा ने शोधकार्य द्रव्यवती नदी बेसिन का विश्लेषणात्मक अध्ययन (नदी विकास की दशा और दिशा) पर पूरा किया है।

### एक्सपर्ट युवाओं को करेंगे मोटिवेट




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में पेनल डिस्कशन में टॉप एक्सपर्ट युवाओं को मोटिवेट करेंगे। इसमें फैशन डिजाइनर्स के साथ कम्यूनिकेशन डिजाइन की बारीकियां सामने आएंगी। मौका होगा शुक्रवार को मेक्स क्रिएटिव सफर का, जिसमें फैशन डिजाइनिंग, ऑटोमोबाइल, प्रोडक्ट डिजाइन, लोगो मेकिंग आदि पर वर्कशॉप होंगी। इसके लिए पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही कोलकाता जैसी घटनाओं पर कुछ आर्टिकल डिस्प्ले किए जाएंगे, जिसमें कई सामाजिक मैसेज होंगे। युवाओं को अलग-अलग फील्ड में भविष्य के स्कोप आदि के बारे में बताया जाएगा। इस मौके पर युवाओं को काउंसलिंग के जरिए मोटिवेट किया जाएगा तो उनके लिए प्रेक्टिस सेशन भी होंगे। फैशन का इसमें सबसे बड़ा पार्ट होगा। इस दौरान शुरुआत सुबह 9 बजे होगी और सबसे पहले पैनल डिस्कशन होगा। विशेषज्ञ डिजाइन फील्ड में आगे जाकर होने वाली चुनौतियों को विशेषज्ञ बताएंगे।

### फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड नंदिनी ने लॉन्च किया पोस्टर

## जयपुर जूलरी शो में होंगे 1128 बूथ युवाओं को करेंगे प्रमोट



बेधड़क | जयपुर

जयपुर जूलरी शो (JJS 24) का थीम पोस्टर फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड-2023 नंदिनी गुप्ता ने लॉन्च किया। कार्यक्रम में जेजेएस की आयोजन समिति के साथ-साथ कई अन्य ज्वेलर्स मौजूद थे। इस अवसर पर नंदिनी गुप्ता ने कहा कि राजस्थान अपनी मेहमाननवाजी, स्वादिष्ट भोजन और खूबसूरत ज्वैलरी के लिए प्रसिद्ध है। आयोजन समिति चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने बताया कि इस वर्ष जेजेएस की थीम ‘रूबी’ है। ऑनेनरी सेक्रेटरी राजीव जैन ने कहा कि शो 2004 में 67 बूथों के साथ शुरू हुआ था। तब से लेकर अब तक इसमें 1128 बूथ हो चुके हैं, जिनमें से 211 अभी भी प्रतीक्षा में हैं। मार्केटिंग और प्रमोशन के अतिरिक्त आयोजन के दौरान रूबी से संबंधित चुनौतियों जैसे कटिंग, पॉलिशिंग, ट्रीटमेंट और सर्टिफिकेशन आदि पर थीम प्रमोशन के दौरान विचार किया जाएगा। गोपाल कुमार ने बताया कि जयपुर ज्वेलरी डिजाइन फेस्टिवल में नए ज्वेलरी डिजाइनरों, आर्टीजंस और शिल्पकारों के कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन जेजेएस के संयुक्त सचिव व प्रवक्ता अजय काला ने किया।

जेजेएस देश में नंबर 1 बी2सी और नंबर 2 बी2बी शो बना हुआ है। JJS डिसेम्बर शो में व्यापार के नए आयाम देखने को मिलेंगे।

### एशियाई पैरा गेम्स-23 में रजत जीत चुकी हैं खिलाड़ी

## पैरालंपिक 2024 में प्रतिनिधित्व करेंगी झुंझुनूं की अनीता चौधरी




बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के झुंझुनूं जिले के निवाई गांव की बेटी अनीता चौधरी इस साल पैरालंपिक-2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके लिए अनीता का चयन किया गया है। अनीता न केवल एक उत्कृष्ट एथलीट हैं, जिन्होंने एशियाई पैरा गेम्स-2023 में रजत पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया, बल्कि वह एक मेधावी छात्रा हैं। उन्हें पढ़ाई में गहरी रुचि है और वे अपने माता-पिता के हर ख्वाब को पूरा करने की इच्छा रखती हैं। अनीता के पिता धन्नाराम भारतीय सेना में सूबेदार रहे हुए हैं।

अनीता के जीवन में संघर्ष का दौर तब शुरू हुआ जब करीब 10 साल पहले एक सड़क दुर्घटना में उनका एक पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण उसे काटना पड़ा। इसके बावजूद अनीता ने कभी हार नहीं मानी और उन्होंने अपने जीवन को एक नई दिशा दी। अनीता का हमेशा से ख्वाब था कि वह ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतें। उन्होंने अपनी मास्टर डिग्री की पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी।

चीन में आयोजित एशियाई पैरा गेम्स में रजत पदक जीतने के बाद अब अनीता 28 सितंबर से शुरू हो रहे पैरालंपिक हिस्सा लेने जा रही हैं।

**अनूठी प्रदर्शनी** | जवाहर कला केंद्र में अंतरिक्ष की बातें

# भारत के अंतरिक्ष में बढ़ते कदम और नवाचारों का दर्शन

बेधड़क | जयपुर

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रादेशिक कार्यालय जयपुर की ओर से ‘राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस’ के उपलक्ष्य में जवाहर कला केंद्र की सुकृति दीर्घा में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी की शुरुआत हुई।

प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद जयपुर शहर मंजु शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत 23 अगस्त को अपना पहला अंतरिक्ष दिवस मनाने जा रहा है।

यह दिवस पिछले वर्ष अंतरिक्ष और वैमानिकी के क्षेत्र में हासिल की गई अविश्वासनीय रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धि का सम्मान करने का दिन है।




### युवाओं को मिलेगी तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा

इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो एवं पत्र सूचना कार्यालय जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस देश के अन्तरिक्ष अन्वेषण इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। चित्र प्रदर्शनी में चंद्रयान 3 मिशन की सफलता के साथ ही अन्तरिक्ष प्रोद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं और उपलब्धियों एवं नवाचरों को प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी युवा पीढ़ी को अन्तरिक्ष विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में प्रेरित करने और जोड़ने का कार्य करेगी।

**प्रश्नोत्तरी के विजेता पुरस्कृत**

प्रदर्शनी में प्रदर्शित जानकारी के आधार पर प्रश्नौत्तरी प्रतियोगिता हुई। मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियेगिता के विजेताओं को मौके पर विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान आकाशवाणी जयपुर के निदेशक नीलेश कालभोर एवं पत्र सूचना कार्यालय जयपुर के उप-निदेशक धर्मेश भारती उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों में सेल्फी पॉइंट बना रहा आकर्षण

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक संतोष वी ने बताया जयपुर द्वारा तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 24 अगस्त तक किया जाएगा, जिसमें विभाग द्वारा अन्तरिक्ष विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दर्शाने का अभिनव प्रयास है। प्रदर्शनी के पहले दिन एनसीसी के 1 राज बीएन व 7 राज के कैडेट्स एवं जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी, कॉमर्स कॉलेज, राजकीय पोद्दार विद्यालय एवं आदर्श विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर अन्तरिक्ष के क्षेत्र में भारत की प्रगति को चित्रों एवं वीडियो के माध्यम से जाना। प्रदर्शनी में सेल्फी पाइंट पर सेल्फी ली।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024





कभी-कभी लोग सच नहीं सुनना चाहते, क्योंकि वे नहीं चाहते कि उनका भ्रम टूट जाए।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### ब्लिंकन के जाते ही इजराइल का गाजा पर बड़ा हमला

# 50 फिलिस्तीनियों की मौत... युद्धविराम का प्रयास विफल

**एजेंसी** | यरुशलम

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के दौरे के ठीक बाद बुधवार को इजराइल ने गाजा पर बड़ा हमला कर 50 फिलिस्तीनियों को मार डाला है। ताजा हमले में इजराइली विमानों ने गाजा पट्टी के करीब 30 स्थानों पर बमबारी की। इजराइली सेना का दावा है कि इन हमलों में हमास और इस्लामिक जिहाद के ठिकानों को निशाना बनाया गया है। हमलों में दर्जनों लड़ाके मारे गए हैं। जिन स्थानों पर कार्रवाई हुई है वहां पर बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद भी मिला है।

बुधवार को ही इजराइली सेना ने गाजा सिटी के एक स्कूल और उसके नजदीक के एक घर को भी निशाना बनाया। इस कार्रवाई में तीन लोग मारे गए और 15 घायल हुए हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि स्कूल से हमास का कमांड सेंटर संचालित हो रहा था। इसी प्रकार से खान यूनिस शहर के नजदीक एक टेंट में रह रहे लोगों पर हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा पर ये हमले साढ़े दस महीने से जारी युद्ध के दौरान ब्लिंकन के क्षेत्र के नौवें दौरे के बाद हो रहे हैं।

■ हिजबुल्ला का वार, इजराइल का पलटवार



### गाजा पट्टी में 90 प्रतिशत लोग बेघर

इस दौरे में ब्लिंकन ने युद्धविराम के लिए इजराइली नेताओं से बात की, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। गाजा युद्ध में अभी तक 40 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। करीब 23 लाख की आबादी वाली गाजा पट्टी में 90 प्रतिशत लोग बेघर हो चुके हैं या फिर उन्हें ठिकाना छोड़ने के लिए विवश किया गया है। अब स्कूलों, अस्पताल परिसरों और टेंटों में रह रहे लोग भी सुरक्षित नहीं हैं। उन पर भी बमबारी और गोलाबारी हो रही है।

### इजराइल और हिजबुल्ला के हमले

हिजबुल्ला ने बुधवार को इजराइल के कब्जे वाली गोलन पहाड़ियों पर करीब 50 राकेट दागे, वहीं इजराइल ने लेबनान स्थित हिजबुल्ला के शस्त्रागार को बमबारी से नष्ट करने का दावा किया है। हिजबुल्ला का यह शस्त्रागार बेका घाटी में था। इजराइल ने हिजबुल्ला के प्रमुख लड़ाके सिदान को भी मारने का दावा किया है। वह ईरान के लिए भी कार्य करता था। उसके अतिरिक्त दो और लोग भी मारे गए हैं। जबकि गोलन पहाड़ियों पर हिजबुल्ला ने इजराइली बस्ती को निशाना बनाया है। इस राकेट हमले में हुए नुकसान की अभी तक सूचना नहीं मिली है।

### दक्षिणी लेबनान में रातभर चली बमबारी

इजराइल की आर्मी (आईडीएफ) ने लेबनान में कम से कम 10 जगहों पर हवाई हमले किए। ये हमले लेबनान के गुट हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाते हुए किए गए हैं। आईडीएफ ने गुरुवार को कहा कि उसकी ओर से रातभर दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह गुट के ठिकानों पर जबरदस्त तरीके से हवाई हमले किए गए हैं। इजराइली सेना ने दावा किया कि उसके लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के 10 क्षेत्रों में हिजबुल्लाह के हथियार डिपो, गुट के लड़ाकों की इमारतों और एक रॉकेट लॉन्च पैड को निशाना बनाया गया। इजराइल ने ये हमले बुधवार के हिजबुल्लाह की ओर से उसके कैटजरीन शहर पर 50 रॉकेट दागे जाने की प्रतिक्रिया में हुए हैं। हिजबुल्लाह के रॉकेट हमले में एक इजराइली व्यक्ति घायल हुआ था और काफी संपत्ति का भी नुकसान हुआ था।

### यूक्रेन को उल्टा पड़ सकता है रूस पर हमला

# 2 हफ्ते में 1263 वर्ग किमी इलाके पर किया कब्जा

■ पुतिन घुसपैठ का फायदा उठाने की तैयारी में

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क इलाके में घुसपैठ करके दुनिया को चौंका दिया। यूक्रेन ने दो सप्ताह में रूस के 1263 वर्ग किमी इलाके पर कब्जा कर लिया। इसी के साथ यूक्रेन ने दुनिया को बता दिया है कि रूस इस जंग में एकतरफा नहीं जीत सकता है। हालांकि, एक और मोर्चे पर लड़ाई शुरू करने से यूक्रेन की सेना बंट गई है। इससे यूक्रेन की अपनी रक्षा करने की क्षमता पर असर पड़ेगा।

जानकारों का कहना है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की यह जीत कम समय के लिए है और हार में बदल सकती है। अभी यूक्रेन का फोकस कुर्स्क पर है, जिससे रूस को दोनेस्त्क के पोक्रोवस्क में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। राजनीतिक विशेषज्ञ तातियाना स्टैनोवाया कहती हैं कि रूस अपनी दुसरे विश्वयुद्ध की रणनीति अपना रहा है। उसकी यह रणनीति रही है कि वह पहले दुश्मन को अंदर आने देता है और फिर घेरकर हमला करता है। इस वजह से यूक्रेन का कुर्स्क अभियान जेलेंस्की के लिए उल्टा साबित हो सकता है।



### तब जर्मन के टैंक खराब होने लगे

सेकेंड वर्ल्ड वॉर में हिटलर जून 1941 में मॉस्को की तरफ बढ़ा था। मगर सर्दी बढ़ने से हिटलर की सेना फंस गई। की सेना के टैंक और हथियार भी कोहरे और बर्फबारी की वजह से खराब होने लगे। इस ठंड के साथ ही रूस की सेना ने जर्मन फौज पर हमला करना शुरू कर दिया। जिससे महज कुछ दूर होने के बावजूद नाजी सेना भयानक ठंड की वजह से मॉस्को पर कब्जा नहीं कर सकी और वापस लौट गई। रूस ठंड के मौसम को दुश्मन के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करता आया है।

### नेपोलियन और हिटलर जैसे फंसेंगे जेलेंस्की!

रूस अपने दुश्मन को पहले अंदर आने देता है और फिर हमला करता है। नेपोलियन ने 1812 में 5 लाख सैनिकों के साथ रूस पर हमला किया था। रूस ने पीछे हटना शुरू कर दिया, नेपोलियन की आर्मी रूस में अंदर घुसती चली गई। इसी बीच ठंड बढ़ने लगी। खराब रास्तों की वजह से उनका सप्लाई सिस्टम बिगड़ गया और सैनिकों का खाना खत्म होने लगा। नेपोलियन मॉस्को पहुंचा तब तक उसकी सेना एक चौथाई ही बच पाई। इसके बाद नेपोलियन को अपने बीमार सैनिकों के साथ जीते हुए रूस को छोड़ कर वापस फ्रांस लौटना पड़ा।

### बाइडेन की चेतावनी... खुफिया दस्तावेज में बदली न्यूक्लियर रणनीति

# चीन-रूस-उत्तर कोरिया से हो सकती है परमाणु जंग

**एजेंसी** | वाशिंगटन





अमेरिका को डर है कि चीन, रूस और उत्तर कोरिया के साथ कभी भी परमाणु युद्ध हो सकता है। इसके लिए मार्च में ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बेहद खुफिया दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे।

जिसमें अमेरिका की न्यूक्लियर रणनीति में कुछ बदलाव किए गए हैं, ये बदलाव चीन, रूस और उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु हथियारों के आधार पर हुए हैं। इस पर जो बाइडेन के हस्ताक्षर भी हैं। इसका नाम है न्यूक्लियर एंप्लॉयमेंट गाइडेंस (NEG)। NEG ही अमेरिका की परमाणु रणनीति को तय करता है। यह निर्धारित करता है कि किस परमाणु संपन्न देश के साथ किस तरह पेश आना है। एटमी जंग के दौरान क्या-क्या कदम उठाने हैं। इस दस्तावेज में हुए बदलावों में बाइडेन ने अपनी सेनाओं को रूस, चीन और उत्तर कोरिया के साथ परमाणु जंग के लिए तैयार रहने को भी कहा है। यह खुलासा मीडिया ने किया है। 20 अगस्त 2024 को वाइट हाउस ने कहा कि यह योजना अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस साल के शुरूआत में ही अप्रूव कर दिया था। इसमें किसी एक देश से परमाणु युद्ध का खतरा नहीं है, बल्कि तीन देशों से हैं, लेकिन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका को सबसे ज्यादा खौफ चीन का है।




### 2,492 कैरेट का डायमंड


# बोत्सवाना में मिला दूसरा सबसे बड़ा हीरा

■ कैरो खदान में निकला था हीरा

**एजेंसी** | गेबोरोने

बोत्सवाना में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हीरा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा की फर्म लुकारा डायमंड की एक कैरो खदान में 2492 कैरेट का हीरा निकला है। यह 1905 में साउथ अफ्रीका में मिले 3106 कैरेट के कलिनन डायमंड के बाद अब तक का सबसे बड़ी हीरा है।

कैरो खदान बोत्सवाना की राजधानी गेबरोने से करीब 500 किमी दूर है। इससे पहले 2019 में इसी खदान में 1758 कैरेट का सेवेलो हीरा मिला था। इसे फ्रांस की फैशन कंपनी लुई विटॉन ने खरीदा था। हालांकि, उन्होंने इसकी कीमत नहीं बताई थी।



### अब खनन को लेकर नया कानून

लुकारा डायमंड फर्म के हेड विलियम लैंब ने कहा, “हम इस खोज से बेहद खुश हैं। इस हीरे को हमारी मेगा डायमंड रिकवरी एक्स-रे तकनीक की मदद से खोजा गया। हम इस 2492 कैरेट के हीरे तो तराशने की कोशिश में लगे हैं।” बोत्सवाना ने पिछले महीने खनन को लेकर नया कानून का प्रस्ताव रखा था। इसके तहत एक बार लाइसेंस मिलने के बाद खनन कंपनियों को स्थानीय निवेशकों को 24% हिस्सेदारी देनी होगी।

### सबसे कीमती हीरा था कलिनन

1905 में साउथ अफ्रीका की प्रीमियर नंबर 2 खदान से निकला कलिनन हीरा अब तक का सबसे कीमती हीरा है। इसके नाम खदान कुलिनन के नाम पर रखा गया था। यह 1907 में ब्रिटिश राजा एडवर्ड VII को भेंट किया गया था। इसके बाद इसे 9 टुकड़ों में काटा गया था। इसको ग्रेट स्टार ऑफ अफ्रीका भी कहा जाता है। इसका सबसे बड़ा टुकड़ा ब्रिटेन के राजा चार्ल्स के राजदंड में लगा है। वहीं इसका दूसरा सबसे बड़ा टुकड़ा राजपरिवार के इम्पीरियल स्टेट क्राउन में जड़ा है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl